# खेल जगत के सितारों ने बाबा के दरबार में लगाई हाजिरी



सचिन ने भेट की मोदी को एक नंबर जर्सी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शनिवार को गंजारी में अन्तरराष्ट्रीय स्टेडियम की आधारशिला रखने के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान भारत रत्न सचिन तेंदुलकर ने उन्हे टीम इण्डिया की जर्सी प्रदान की जिसका नम्बर एक था। जर्सी पर नमो लिखा हुआ था । समारोह के दौरान सचिन के अलावा, बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ल, सचिव जय शाह, 1983 विश्वकप विजेता टीम के कप्तान कपिलदेव, सुनील गावसकर, गुंडप्पा विश्वनाथ, दिलीप वेंगसरकर, रवि शास्त्री, करसन घावरी, मदनलाल, गोपाल शर्मा, शुभांगी कुलकर्णी, नीतू डेविड भी मौजूद थे। इससे पहले सुबह सचिन तेंदुलकर, कपिलदेव सुनील गावसकर, रोजर बिन्नी, जय शाह, रवि शास्त्री, गुडप्पा विश्वनाथ, ने काशी विश्वनाथ धाम में हाजिरी लगाई और जलाभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की। सचिन भोले के दरबार में लाल कुर्ता पहनकर पहुंचे थे। इससे पहले लाल बहादुर अन्तरराष्ट्रीय स्टेडियम में पहुंचने पर सभी खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। अपने सितारों को देखने और उनके साथ फोटो खिचाने के लिए होड़ मची रही। मीडियाकर्मियों ने जब सचिन एवं अन्य खिलाड़ियों के साथ बातचीत करने का प्रयास किया तो वे बिना कुछ कहे वहां से चले गये।

# जीआरपी ने गुमशुदगी या चोरी के 58 मोबाइल बरामद



**वाराणसीः** ट्रेनों में चोरी और गुम हुए मोबाइल फोन के वापस मिलने की उम्मीद छोड़ चुके लोगों के चेहरे पर रविवार को मुस्कान आ गई, जब वाराणसी कैंट जीआरपी ने 27 यात्रियों को उनका मोबाइल सौंपा। दूर दराज के रहने वाले अन्य यात्रियों ने एक-दो दिन में आकर मोबाइल ले जाने का जीआरपी इंस्पेक्टर से आग्रह किया। अभियान के तहत कुल 58 मोबाइल जीआरपी ने बरामद किया है। कैंट जीआरपी हेमंत सिंह ने बताया कि रेल यात्रियों का सफर के दौरान गुम और कुछ यात्रियों के मोबाइल चोरी के मुकदमे दर्ज हुए थे। सर्विलांस के जरिए यात्रियों के मोबाइल की खोजबीन चल रही थी। इस आधार पर कुल 58 मोबाइल बरामद किया गया। संबंधित मोबाइल के मालिकों को बुलाया गया। इनमें 27 यात्री ही मौके पर पहुंचे, जिन्हें मोबाइल फोन सौंप दिया गया। अन्य यात्रियों ने बाद में आकर मोबाइल ले जाने का निवेदन किया है। किसी के तीन माह तो किसी के छह माह पुराने गुम हुए मोबाइल को लौटाया गया। बड़ागांव के पुखपुर निवासी सुनील कुमार यादव, ग्वालियर के गुलशन सिंह, बिहार भोजपुर के रोहित, जैतपुरा के मो. आसिफ, गोपालापुर, मुगलसराय के रमजान आदि ने बताया कि वह मोबाइल पाने की आस छोड़ चुके थे। जीआरपी ने खुशियां दोबारा लौटा दी है।

# पुलिस कर्मियों का होगा स्थानांतरण

वाराणसी : अध्यात्म और आस्था की नगरी बनारस में जहां आस्था का सैलाब दिख रहा वही प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र होने के कारण राजनीति में एक खास स्थान बनाने से इस सीट पर पक्ष हो या विपक्ष किसी प्रकार का ढिलाई नहीं भरतना चाह रहा, लेकिन इसका असर कानून व्यवस्था के लिए तैनात पुलिस विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों पर भी पड़ रही है, वर्ष 2024 में प्रस्तावित लोकसभा चुनाव के लिए पुलिस महकमें में तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसकी शुरुआत वर्षों से एक ही जनपद में तैनात पुलिसकर्मियों के तबादले से होगी। शासन में गठित दो स्क्रीनिंग कमेटी ने जिलों से रिपोर्ट मांगी है। तीन साल या उससे ज्यादा समय से जिलों में तैनात एएसपी, सीओ, इंस्पेक्टर, दारोगा सभी के तबादले किए जाएंगे। पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी के अलावा जोन के नौ जिलों में एक हजार पुलिसकर्मी नए ठिकाने पर भेजे जाएंगे।

## ट्रक ड्राइवर ने 16 किलोमीटर तक घसीटा मृतक का शव

फूलपुर , प्रयागराज। तेज़ रफ्तार ट्रक ने कईयों को रौंदा दो की मौत एक गंभीर रूप से घायल ट्रक ड्राइवर के लापरवाही के चलते घटी हृदय विदारक घटना एक लाश को 16 किलोमीटर घसीट कर ले गया ट्रक ड्राइवर। फुलपुर क्षेत्र के अलग-अलग तीन स्थानों यह घटना घटी ,बताया जाता है कि बुधवार की रात्रि इलाहाबाद की ओर से आ रही ट्रक जैसे ही इफको पुलिस चौकी के समीप पहुंची थी तभी फूलपुर की ओर आ रहे दो पहिया वाहन सवार ओम प्रकाश यादव पुत्र कन्हैयालाल निवासी दल्लू का पूरा थाना मुंगराबादशाहपुर व अमित कुमार निवासी जरौना बरसठी जनपद जौनपुर को जोरदार टक्कर मार बाइक फंसा लेकर आगे चल गई, दोनो व्यक्तिओं के गम्भीर रूप जख्मी होनेकी हालत में स्थानीय लोगों कि मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर ले जाया गया जहां ओम प्रकाश यादव कि हालत नाज़ुक देख डाक्टरों ने उसे स्वरूप रानी प्रयागराज भेज दिया जिसका रास्ते में ही मौत हो गई। जबकि दूसरे व्यक्ति अमित कुमार का इलाज स्थानीय नर्सिंग होम में चल रहा है जो अब खतरे से बाहर है फंसी हुई बाइक करीब डेढ़ किलो मीटर खंड खंड होकर नहर की पुलिया के पास गिर गई। वहीं बेतहाशा तेज गति से ट्रक लेकर भाग रहा ट्रक ड्राइवर फूलपुर बस अड्डे के पास पहुंचा जहां बाइक सवार धीरेंद्र पाल पुत्र राजाराम निवासी तेनदुई चैनपुर थाना सराय इनायत जो अपने ससुराल फूलपुर थाना क्षेत्र के मनकापुर गांव जा रहे थे अनियंत्रित करने उन्हें पीछे रौंदते हुए धीरेंद्र कुमार पाल को कृषि प्रसार केंद्र के सामने तक घसीटते हुए ले गया किसी तरह उसका शव टुकड़े होकर उस स्थान पर गिर गया फिर भी ट्रक ड्राइवर तेज रफ्तार भागते हुए तहसील के सामने तीसरे बाइक सवार को भी टक्कर मार आगे की ओर निकल गया जिसके चलते कस्बे में हड़कंप मच गया। सूचना पर ट्रक का पीछा करते हुए थाना प्रभारी दीनदयाल सिंह ने ट्रक के पहिए को लक्ष्य कर गोली चलाई लेकिन वह डीजल टैंक में लग गया जिससे डीजल टैंक से काफी मात्रा में डीजल रिसाव करने लगा साथ ही थाना प्रभारी ने भाग रहे ट्रक को रोकने के लिए मुंगरा बादशाहपुर थाना पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही उक्त ट्रक को पकड़ने के लिए मुंगरा बादशाहपुर थाना पुलिस सकरी हुई मौके पर मुंगरा बादशाह पुलिस ने ट्रक को रोकने का संकेत दिया लेकिन वहां भी ट्रक तेज गति से आगे बढ़ गई इसके बाद 200 मीटर के करीब आगे जाने पर डीजल खत्म होने पर गाड़ी खड़ी हो गई जब तक चालक इस संबंध में कुछ समझ पाता पुलिस ने उसे चारों तरफ से घर कर दबोच लिया पुलिस की पूछताछ में ट्रक चालक ने अपना नाम पता शैलेंद्र ओझा पुत्र शिवाकांत ओझा निवासी प्रतापपुर थाना कंधई जिला प्रतापगढ़ बताया हादसे को अंजाम देने वाले ट्रक चालक शैलेंद्र ने बताया की पिटाई और पकड़े जाने की दर से हादसे के बाद वह ट्रक लेकर भागने लगा था जिस रास्ते में और कई दुर्घटनाएं हो गई। फिलहाल फूलपुर पुलिस ने बादशाहपुर पुलिस के सहयोग से ट्रक सहित चालक को गिरफ्तार कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर एसीपी मनोज कुमार सिंह एवं थाना बहरिया व थरवई के पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। जो काफी देर तक मौजूद रही मृतक धीरेंद्र पाल, ओम प्रकाश यादव का शव घर पहुंचा तो गांव में कोहराम मच गया परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## मेडिकल छात्र की संदिग्ध अवस्था में मौत

फूलपुर, वाराणसी। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में दो बार असफल रहे छात्र ने रविवार को मौत को गले लगे लिया। उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। वह वाराणसी के छित्तूपुर स्थित किराये के कमरे में रहता था। मौके से सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। लंका पुलिस ने कमरे से शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाया। साथियों के अनुसार दो बार नीट में असफलता के बाद से सूरज अवसाद में रहता था। थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी केशव मौर्य का बेटा सूरज मौर्य (25) दुर्गाकुंड स्थित एक कोचिंग में नीट की तैयारी करता था। वह लंका थाना क्षेत्र के छित्तूपुर स्थित नारायणी लॉज में किराए पर रहता था। दोपहर के बाद उसका कमरा नहीं खुलने पर बगल वाले कमरे के छात्रों ने संपर्क करना चाहा। मोबाइल पर कॉल किया तो नंबर बंद मिला। सशंकित छात्रों ने इसकी सूचना लॉज मालिक को दी। लॉज मालिक की सूचना पर पहुंची लंका पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खुलवाया तो अंदर पंखे की कुंडी से सूरज का शव लटका था। सूरज के साथियों ने बताया कि वह दो वर्ष से नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था, लेकिन सफलता नहीं मिली ।इससे वह काफी उदास रहता था। कई दिनों से वह चुपचाप ही रहता था। लंका इंस्पेक्टर अश्वनी पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत की असल वजह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल कमरे से किसी तरह का कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ

## सफाई व्यवस्था फेल, डायरिया का प्रकोप, दर्जनों बीमार

प्रयागराज। नगर पंचायत फूलपुर के मोहल्ला कोहना मे सफाई व्यवस्था नियमित न होने से भीषण गंदगी व जल निकासी कि समुचित व्यवस्था न होने के चलते जल भराव कि स्थिति बनी हुई है । उक्त मोहल्ले में स्थित तलाब चारों तरफ कूड़ा कर्कट से भरा पड़ा हुआ है जहां से भीषण दुर्गंध उठ रही है जिसके चलते मोहल्ले वासियों का सांस लेना भी दुश्वार हो गया है।बताया जाता है कि उक्त मोहल्ले में बने तालाब के इर्द-गिर्द मरे हुए पशुओं की हड्डियां व उसके अवशेषों को फेके जाने से भीषण गंदगी व दुर्गंध उठने के चलते उक्त मोहल्ले के दर्जनों बच्चे एवं महिलाएं डायरिया के शिकार होने के चलते निजी व सरकारी अस्पतालों में एडमिट हो गये जहां उनका उपचार चल रहा है। मोहल्ले के रहने वाले मोहम्मद जीशान व अब्दुल्ला मेहंदी व बलाकत हुसैन का कहना है कि नगर पंचायत फूलपुर द्वारा नियमित सफाई न होने के चलते अभी भी भीषण गंदगी व्याप्त है जिसके चलते दुर्गंध उठ रहा हैं। जब यहां पर इस तरह कि घटना कि जानकारी होने पर। नगर पंचायत कि ईओ सोनल जैन मौके पर पहुंचकर सफाई व्यवस्था को



आदेश दिया गया जिसे लेकरआनंन-फानन में नगर पंचायत द्वारा सफाई व्यवस्था शुरू कर दी गई है परंतु व मानक के अनुरूप न होने के चलते अभी भी भीषण बदबू व गंदगी तालाब के चारों बनी हुई है व जल भराव की स्थिति बनी हुई है। कुछ जगहों पर जल निकासी कि व्यवस्था न होने के चलते घरों का गंदा पानी एकत्र होने से भी गन्दगी का अंबार लगा हुआ है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि कई बार नगर पंचायत कार्यालय को सूचना दिया गया है कि यहां भीषण गंदगी बनी रहती है जिसकी नियमित सफाई होनी चाहिए लेकिन उस विषय पर कोई ध्यान नहीं दिया गया जिसके चलते आज ये स्थिति उत्पन्न हुई और मोहल्ले के दर्जनों छोटे छोटे बच्चे व महिलाएं डायरिया,डेंगू, मलेरिया सहित आदि संचारी रोगों के शिकार हो गए हैं। मोहल्ले के सभासद जिनके बच्चे कि हालात खराब होने के चलते शहर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है जिसके चलते लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

# लालबाग के राजा की निकली शोभा यात्रा






वाराणसी।आस भैरो स्थित अग्रवाल भवन में श्री काशी मराठा गणेश उत्सव समिति ने स्त्राहवां श्री गणेश उत्सव समारोह के अन्तिम दिन शनिवार को सुबह लालबाग का राजा श्री गणेश जी का समिति के संरक्षक मानिक राव पाटिल, सन्तोष पाटिल, सुहास पाटिल, अध्यक्ष आनंद सूर्यवंशी, महामंत्री अन्ना मोरे, कोषाध्यक्ष हनुमान शिंदे सहित सभी पदाधिकारियों ने विधिवत श्रृंगार किया। श्री गणेश जी का प्रिय मोदक का भोग लगा । श्री खुण्टे जी महाराज ने विधि-विधान से पूजा सम्मान करायी । तत्पश्चात समिति केपदाधिकारियों ने एवं अतिथि गण ने महाआरती की। मध्याह्न में गणपति बप्पा मोरया, पुढच्या वर्षी लोकर या के जय घोष के साथ श्री गणेश की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गयी । राष्ट्रपति पदक से सम्मानित दिलीप जावलकर के नेतृत्व में महाराष्ट्र के तासगांव सांगली से आये साठ सदस्यी झांसा पतक दल ने विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन कर आमजन का मनमोहक लिया। शोभा यात्रा में शामिल भक्त गण प्रभुलित रहे। सभी भक्त गण सफेद वस्त्र एवं मराठी टोपी लगाये गणपति बप्पा मोरया के साथ चल रहे थे । लालबागका राजा श्री गणेश जी को विभिन्नप्रकार के फूलों से सुसज्जित रथ पर विराजमान कराया था। गणपति महाराज सभी भक्त को आशीर्वाद देते रहे। शोभा यात्रा आसभैरो से प्रारंभ होकर चौक, विश्वनाथ मंदिर, बांस फाटक, गोदौलिया, गिरजाघर, लक्सा, लक्ष्मी कुण्ड पहुंचा, लक्ष्मी कुण्ड पर श्री गणेश जी की पुनः विधिवत पूजा समिति अध्यक्ष आनंद सूर्यवंशी, महामंत्री अन्ना हजारे, कोषाध्यक्ष हनुमान शिंदे ने पूजा अर्चना एवं आरती की। संरक्षक मानिक राव पाटिल, सन्तोष पाटिल, सुहास पाटिल ने सभी पदाधिकारियों की तरफसे श्री गणेश जी अगले साल पुनः आने का निमंत्रण दिया। विसर्जन विधिसम्मत किया गया। गणेशोत्सवमें हुई प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता वेदांशी ( प्रथम ) , दिव्यांशी (द्वितीय), उपी (तृतीय), माही (विशेष) को स्थान मिला। मुख्य अतिथि कोहिनूर मिसेज इंडिया इण्टरनेशनल वंदन सिंह ने अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। डांस प्रतियोगिता में दिव्यांशी सिंह (प्रथम), भावना सिंह (द्वितीय), श्रेयषीमिश्र एवं स्वीकृति सेठ (तृतीय), तेजस कुमार सिंह एवं आद्या यादव (विशेष ) स्थान मिला ।समिति के मानिक राव पाटिलसन्तोष पाटिल, सुहास पाटिल, आंनद सूर्यवंशी, अन्ना मोरे, हनुमान शिंदे, कैलाश सिंह, विकास ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह दिया। समारोह का संचालन चक्रवर्ती विजय नावड़ ने किया।

# थर्ड जेंडर नाराज कलाकारों ने गंगा में बहाए पुरस्कार



वाराणसी। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी दौरे के दौरान तकरीबन 6 घंटे तक पीएम मोदी गंजारी, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय व रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर के कार्यक्रम में शामिल हुए. लेकिन पीएम के दौरे के कुछ हीं घंटे बाद एक मामला काशी में काफी चर्चा में है, जिसमें थर्ड जेंडर कलाकारों द्वारा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में सम्मान न मिलने का आरोप लगाया गया है. इससे दुखी होकर किन्नर कलाकारों ने काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव में जीते गए मोमेंटो और सर्टिफिकेट को गंगा में प्रवाहित कर दियाथर्ड जेंडर समाज की अध्यक्ष सलमान चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि हफ्तों से काशी में चल रहे काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के लोक नृत्य में पांच किन्नर कलाकारों नें प्रतिभाग लिया था. इसमें निहारिका, शिवानी, सानिया, कोमल और पप्पू नाम शामिल है. इस प्रतियोगिता में निहारिका ने प्रथम स्थान किन्नर श्रेणी में प्राप्त किया था. इस दौरान उन्हें मोमेंटो और सर्टिफिकेट भी प्राप्त हुआ था. पीएम के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में प्रधानमंत्री ने काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव में जीते हुए प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया और मुलाकात कर उनका हौंसला अफजाई की. लेकिन इन जीते हुए किन्नर कलाकारों से उनकी मुलाकात नहीं हुई. जिसके बाद यह कलाकार काफी दुखी हैं. सलमान ने कहा कि जब फॉर्म के कॉलम में ट्रांसजेंडर के लिए जगह दिया जाता हैं तो प्रधानमंत्री से इन कलाकारों की मुलाकात क्यों नहीं कराई गई. इससे दुखी होकर कलाकारों द्वारा काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव में जीते गए मोमेंटो और सर्टिफिकेट को गंगा में प्रवाहित कर दिया. हालांकि किन्नर कलाकारों के इस कदम पर किसी प्रकार की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# मेडिकल छात्र की संदिग्ध अवस्था में मौत

प्रयागराज। जिले के शंकरगढ़, सदर बाजार के व्यापारी पुष्पराज केसरवानी उर्फ विक्की के पुत्र शुभ (13) की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। किशोर की लाश शंकरगढ़ से सटे चित्रकूट जिले के जंगल में पाई गई। उसकी हत्या सिर कुचलकर की गई है। उसके हाथ और पैर को रस्सी से बांधा गया था और मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था ।शंकरगढ़ नगर के सदर बाजार निवासी व्यापारी पुष्पराज केसरवानी उर्फ विक्की 13 वर्षीय पुत्र शुभ केशरवानी शंकरगढ़ के ही एक स्कूल में कक्षा आठ का छात्र है। परिजनों ने बताया कि शनिवार को शाम चार बजे तक वह दुकान पर था। फिर कहां चला गया पता नहीं चला। परिजनों ने उसे बहुत ढूंढा, लेकिन वह कहीं नहीं मिला। रात लगभग नौ बजे के आसपास उसके पिता के मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि 15 लाख रुपये लेकर डभौरा के जंगल में आओ नहीं तो तुम्हारे बेटे को गोली मार देंगे, घटना की जानकारी परिजनों ने शंकरगढ़ पुलिस को दी। देर रात तक व्यापारी थाने में डंटे रहे। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला पंजीकृत कर नंबर को सर्विलेंस में लगा दिया। जानकारी होने पर डीसीपी यमुनानगर अभिनव त्यागी तथा एसीपी बारा संतोष सिंह,थाना बारा व थाना लालापुर पुलिस टीम शंकरगढ़ थाने पहुंचे और व्यापारियों से बातचीत करके थानाध्यक्ष से पूरे मामले की जानकारी ली ।किशोर की तलाश में मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम रवाना की गई। रविवार को सुबह उसकी लाश चित्रकूट के थाना बरगढ़ क्षेत्र के अरवारी मोड़ के जंगल में मिली। जानकारी पर शंकरगढ़ पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे। मृत छात्र का हाथ पैर बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था तथा सिर पर भारी पत्थर से वार किया गया, जिससे सर व कान में गंभीर चोट लगी। व्यापारी पुत्र की फिरौती के लिए की गई जघन्य हत्या से पूरा नगर शोक में है।

# जान मारे लहंगा ई लखनऊवा के गाने के स्वर में बेकाबू हुए दर्शक


**जौनपुर।** मामला जौनपुर जिले आयोजित गणेश उत्सव कार्यक्रम के तहत भोजपुरी फिल्म की मशहूर अदाकारा वह गायक अक्षरा सिंह के स्टेज कार्यक्रम के दौरान हुई कार्यक्रम में पहुंची अक्षरा सिंह ने 300 से अधिक बाउंसर व स्थानी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच में अपना गायन प्रस्तुत किया प्रारंभ के दो गानों तक दर्शन जहां संयमित आनंद उठते रहे वहीं तीसरे गाने जान मारे लहंगा ई लखनऊवा के बोल सुनते ही दर्शक संयम की दीवार तोड़कर खूब हुडदंग मचाना शुरू किया। इस कार्यक्रम को केराकत के आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह ने आयोजित कराया था प्रोग्राम नगर के टीडी कॉलेज मैदान में प्रस्तुत हो रहा था इस कार्यक्रम में मशहूर पॉप, रैपस्टार गायक हनी सिंह ने भी अपना कार्यक्रम दिया लेकिन बताया जा रहा है कि इस धार्मिक कार्यक्रम में जब अक्षरा सिंह द्वारा कुछ लोगों के डिमांड पर जान मारे लहंगा ई लखनऊवा गाना शुरू किया गया तो हालत बिगड़ने चले गए जहां कुछ लोग इसे दर्शन का डिमांड बता रहे थे तो वही धार्मिक आयोजन में इस तरह के गाने को अश्वनीय बताते हुए भी इस तरह के बवाल को सही ठहराया जा रहा है कुल मिलाकर पहली बार आयोजित हुए इस महोत्सव में आयोजन करता हूं सहित कलाकारों आदर्श का अनुभव खट्टा हो गया वही अपनी प्रस्तुति आधे अधूरे में छोड़कर भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री गायक अक्षरा सिंह को वापस जाना पड़ा।





# मशीनरी युग में मानसिक क्षमता

आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी वैश्विक युग में हर कोई एक मनुष्य न जिसके चलते उसकी आंतरिक सुख शांति भौतिक सुख शांति के प्रति मनुष्य अपना जीवन इस तरीके से जीने को बाध्य हो रहा है की जो उसे भाग दौड़ भरी जिंदगी में कुछ आध्यात्मिक या आत्म अवलोकन जैसे इच्छा भौतिक वैश्विक युग की परम आवश्यकता बन गई है और जब इस प्रकार आप विफलता के साथ पेश आते हैं; खुद को सांत्वना उसका अर्थ है कि आप परिस्थितियों को अपने हिसाब से ढाल सकते हैं। लेकिन केवल इसलिए है क्योंकि वे उन परिस्थितियों के प्रभाव में जिंदगी बिताते हैं। इसलिए या क्या यह मेरा भाग्य था? वह सब कुछ जो आप स्वयं के रूप में जानते हैं, वह केवल मेरा दिमाग कहते हैं, वह पाँच इंद्रियों द्वारा इकट्ठा किए गए प्रभावों का संग्रह है। जो भी आप क्या हैं, इसका अनुभव करना अभी आपके लिए बाकी है; यह एक अचेत स्थिति आपने अपने जीवन को इस आधार पर जीने का प्रयास किया है कि आपने क्या इकट्ठा कुछ आदतें अपना ली हैं। इसे बदला जा सकता है। आपकी वर्तमान आदतों. आपके कि आपके माता-पिता कौन थे, आप कहाँ पैदा हुए, कहाँ बढ़े हुए, यदि आप अपने तरह से नया कर सकते हैं। कई शताब्दी पहले, कई चीजें जैसे रोग, संक्रमण और मृत्यु कुछ चीज़ों की जम्मेिदारी वैज्ञानिकता के नाम पर हम ने ले ली है। जिसे हम आज जम्मेदारी ली जा सकती है, हम किसी दिन वह जम्मेिदारी लेंगे। जैसे कि एक बाहरी कुछ भी जीवन में होता है वो एक निश्चित नियम के तहत होता है ।यदि आप यह जान



होकर मशीन के तरीके से कम करके धन अर्जित करना चाहता है गुलाम हो गई है। विज्ञापन इंगित या यांत्रिक चीजों के प्रभाव में आकर दूसरे की नजर में एक विशेष व्यक्ति प्रस्तुत करें इसी के चलते आज के मेडिटेशन की अत्यंत आवश्यकता हो गई है। जरूर से ज्यादा पाने की चीजें आपकी मर्ज़ी से नहीं होती तो आप उसे भाग्य का नाम दे देते हैं। देकर। मनुष्य बने रहने के लिए, आप जिन भी परिस्थितियों में रहते हैं, आजकल अधिकतर लोग उन परिस्थितियों के अनुसार ढल जाते हैं, जिसमें वह रहते हैं। ऐसा यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि, मुझे ऐसी परिस्थिति में क्यों रखा गया? क्या ये मेरा दुर्भाग्य था, एक ढेर या संग्रह है। आपका शरीर केवल भोजन का एक ढेर है। और जिसे आप मेरा मन या आप संग्रहीत कर सकते हैं, वह आपका हो सकता है; लेकिन वह आप कभी नहीं हो सकते। में है। आपने जो कुछ भी संग्रह किया है, आप अभी उससे 100 फीसदी भी सचेत नहीं है। किया है न कि आप क्या हैं। आपने अपने द्वारा इकट्ठा किए गए प्रभावों के प्रकार के आधार पर जीवन के पिछले अनुभवों और आनुवांशिकी की परवाह किए बिना, इस पर ध्यान दिए बिना साथ कुछ चीजें करते हैं, तो आप इसे बदल सकते हैं। आप 24 घंटे के समय में खुद को पूरी को हम भगवान की मजी या भाग्य समझते थे, पर आज कुछ मामले हमारे हाथ में है, हमने तकनीक कहते हैं, वह केवल यह है, प्रकृति के नियमों के अंतर्गत, बाहरी जिन भी चीजों की तकनीक होती है वैसे ही एक आंतरिक तकनीक या आंतरिक अभियांत्रिकी भी होती है। तो जो पाएंगे कि आपके अंदर जीवन की प्रकृति क्या है, तो आप पूर्ण रूप से उसकी कार्यप्रणाली की जम्मेिदारी ले सकते हैं। तो क्या आप कभी अपने साथ कोई अप्रिय घटना होने देंगे? आपके साथ कोई भी अप्रिय घटना क्रोध, भय, चिंता और तनाव के रूप में होती है, क्योंकि आपकी बुनियादी शक्ति या क्षमता जैसे -आपका शरीर, मन, भावनाएँ और जीवन की ऊर्जा ऐसे अपना कार्य कर रही हैं जैसे कि उनका आपसे कोई संबंध न हो। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कौन हैं । जीवन आपके लिए तब तक अच्छा साबित नहीं होता जब तक कि आप सही कार्य नहीं करते। अस्तित्व निर्णायक नहीं है। अच्छे, बुरे, यह सभी निर्णय महत्वपूर्ण रूप से मानवीय और सामाजिक रूप से अनुकूलित हैं। क्या अच्छा है। और क्या बुरा, इस पर हर समाज के अपने खुद के विचार हैं, लेकिन जीवन हम सबके साथ एक ही तरह का व्यवहार करता है। जो कोई भी ग्रहणशील है, उसे उसी समय जीवन की ओर से ईनाम प्राप्त हो जाता है। योग का पूर्ण पहलू ही, आपको ग्रहणशील बनाना है। यदि आपके जीवन के अनुभव शारीरिक सीमाओं के परे हैं, तो आप पर ईश्वर की कृपा हो सकती है। अचानक से, आप जादू की तरह कार्य करने लगते हैं। अन्य लोगों को लग सकता है कि जैसे आपके पास कोई जादुई शक्ति हो, लेकिन आप जानते हैं कि आप अभी-अभी जीवन के विभिन्न पहलू की ओर ग्रहणशील बनना प्रारंभ कर रहे हैं। और यह संभावना सभी के लिए खुली है। जब बाहरी वास्तविकताओं की बात होती है, तो हम सब विभिन्न रूप से सक्षम है। जो आप कर सकते हैं, वो कोई और नहीं कर सकता; जो कोई और कर सकता है, वो आप नहीं कर सकते। पर जब आंतरिक क्षमताओं की बात होती है, तो प्रत्येक मनुष्य समान रूप से सक्षम है। हां जरूर है तो सिर्फ उसे अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानना वह निखारना।

## अनंतनाग में जवानों की शहादत




जम्मू-कश्मीरके अनंतनाग जिलेमें कोकरनागके सदूल जंगली इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियोंके मध्य मुकाबलेका जायजा लेनेके उपरांत कश्मीर जोनके एडीजीपी विजय कुमारने 19सितम्बरको बताया कि सात दिनोंसे चल रहा आतंकियों संग मुकाबला दो आतंकियोंके मारे जानेके साथ ही खत्म हो गया। उन्होंने अनंतनागमें पत्रकारोंसे जानकारीको सांझा करते हुए बताया कि मुकाबले के दौरान हमारे पास दो-तीन आतंकियोंके बारे में सूचना थी। उनमें से लश्कर-ए-तोयबाके आतंकी कमांडर उजैर खानकी लाश मिलने की पुष्टि हुई है और दूसरेकी लाश अभी बरामद करनी बाकी है जिसके लिए तलाशी अभियान जारी रहेगा। उत्तरी कमानके आर्मी कमांडर लैफ्टिनैंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी तथा 15 कोर कमांडरके लैफ्टिनैंट जनरल राजीव घईने मौकेपर पहुंचकर आपरेशनका जायजा लिया जो कि 19 सितम्बरको सातवें दिन में पहुंच गया था। यह मेरा निजी अनुभव है कि जब अत्याधुनिक हथियारों, संचार साधनोंके साथ लैस होकर जंगली वारफेयरके बारे में सख्त सिखलाई प्राप्त करनेके साथ इलाके कि भी पूरी जानकारी रखनेवाले आतंकियोंको सेनाकी ओरसे पीछा करनेवाली सूचना जरूर लग गयी होगी। सैन्य आईनेसे मैं यह महसूस करता हूं कि आतंकियोंने बड़ी तेजीके साथ उस क्षेत्रमें घात लगा ली होगी जहांसे हमारी सेनाने गुजरना था। जैसे ही संयुक्त बलोंने आतंकियोंकी खोज में घने जंगलोंकी ओर बढ़ना शुरू किया तो घात लगाकर बैठे आतंकियों ने लगातार जोरदार गोलाबारी आरंभ कर दी । 19 राष्ट्रीय राइफल्सके कमांडिंग अफसर अपने बहादुर जवानोंके साथ बड़ी दृढ़ता और दिलेरीसे मोर्चा संभाले बैठे थे। आतंकियोंका मुकाबला करते हुए कर्नल मनप्रीत सिंह शहीद हो गये। उसके साथ ही 13 सितम्बरको मेजर आशीष धौनक और पुलिसके डीएसपी हुमायूं गंभीर रूपमें जख्मी हो गये जो कि बादमें दम तोड़ गये। पंजाबका एक अन्य जवान प्रदीप सिंह जो कि मुकाबलेके दौरान लापता हो गया था उसकी लाश भी 17 सितम्बरको बरामद हुई। उल्लेखनीय है कि अभी कोकरनागका आपरेशन जारी था तो बारामूलाके उड़ी क्षेत्रमें एलओसीके निकट 16 सितम्बरको सेनाके जाबांज सूरमाओंने पाकिस्तानके नाजायज कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की तरफसे घुसपैठकी कोशिशको नाकाम करते हुए तीन आतंकियोंको हलाक कर दिया। सेनाकी 161 इन्फैंटरी ब्रिगेड कमांडर ब्रिगेडियर पीएमएस ढिल्लोंने बारामूलामें प्रैस कांफ्रेंस में बताया कि मारे गये आतंकियोंसे पांच किलो आईईडी, दो एके असाल्ट राइफल्स, सात ग्रेनेड, पिस्टल और 46 हजार रुपये इंडियन करंसी तथा और भी जंगी सामान बरामद हुआ। 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटानेके उपरांत और जम्मू-कश्मीरको दो केंद्र शासित प्रदेशों में तबदील करने से खुशहालीकी किरण दिखाई देने लगी है। सरकारी सूत्रोंके अनुसार आतंकी गतिविधियोंमें 62 फीसदी कमी आयी है और बीते वर्ष करीब 1.88 करोड़ पर्यटकोंने वादी-ए- कश्मीरका आनन्द माना है। कारोबार में फिरसे वृद्धि होना स्वाभाविक है कि पड़ोसी मुल्कको रास नहीं आ रहा है। जिक्र योग्य है कि जनवरी 2021और 30 मई 2023 के दरम्यान 24 सुरक्षाकर्मियों और 75 नागरिकोंको पीर पंजाल रेंजके दोनों ओर अपनी जानें कुर्बान करनी पड़ी हैं जिनमें 9 जनवरीको आतंकियोंने राजौरीके गांव डांगरीमें 7 नागरिकों को मौत के घाट उतारा। फिर 20 अप्रैलको पुंछके क्षेत्रमें 5 सुरक्षा कर्मचारी तथा 5 मईको फिर 5 जवान कांडी राजौरीमें मारे गये। वर्ष 2022 में टार्गेट मौतें भी हुईं। ये आंकड़े सिद्ध करते हैं कि पाकिस्तानके दिशा-निर्देशोंसे आतंकियोंने पीर पंजालके उत्तरी और दक्षिणी इलाके में अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। आपरेशन अनंतनाग में मुझे तो खुफिया तंत्रमें भी कमियां नजर आती हैं और आतंकियोंको स्थानीय समर्थन जरूर प्राप्त होगा। कोकरनाग क्षेत्रमें न तो प्राकृतिक चश्मोंकी कमी है और न ही फल-फ्रूट की हथियार और गोला-बारूद भी वहांपर काफी होगा। इसलिए भारतीय सेनाको अत्याधुनिक हथियार, हैलीकाप्टर, पैराट्रूपर कमांडो फोर्स भी होनी चाहिए ताकि दो-तीन आतंकियोंके साथ निबटने के लिए सात दिन न लगें।

# संसद की आम मर्यादित भाषा


**नई दिल्ली :** 'ओए ..., ओए उग्रवादी, ऐ उग्रवादी बीच में मत बोलना, ये आतंकवादी-उग्रवादी है, ये मुल्ला आतंकवादी है... इसकी बात नोट करते रहना अभी बाहर देखूंगा इस मुल्ले को।' यह शब्द किसी राह चलते टपोरी टाइप व्यक्ति की किसी टपोरी के लिए नहीं बल्कि एक सांसद का एक सांसद को है, जिसकी चारो तरफ निंदा हो रही है। केंद्र की सत्ता पर आसीन भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद रमेश बिधूड़ी संसद में दक्षिण दिल्ली का प्रतिनिधित्व करते हैं। जिस तरह के सड़क छाप शब्दों का उन्होंने लोकसभा में इस्तेमाल किया और उसे सुनकर पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन ने मुस्कान बिखेरी, यह दृश्य बहुत से लोगों को नागवार गुजरा। भाजपा ने जहां उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया तो भाजपा समर्थकों ने तो चुप्पी साध रखी है, लेकिन विपक्ष के कई नेताओं और आम लोगों ने एक सांसद के मुंह से ऐसे अपशब्द सुनकर माथा पकड़ लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के ज्यादातर नेता बात-बात पर जिस लोकतंत्र के मंदिर की बात करते हैं वहीं पर उनके ही एक सांसद किस तरह के शब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे, यह उन्हें वीडियो को रिवाइंड करके सुनना चाहिए। राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने बिधूड़ी के संबोधन का एक हिस्सा शेयर करते हुए लिखा है कि कोई शर्म नहीं बची है। बाद में राजनाथ सिंह को खेद जताना पड़ा। कांग्रेस और आप ने ट्वीट कर पीएम मोदी पर निशाना साधा है ।तो सामजवादी पार्टी , बसपा ने भी इस की निंदा की। हालांकि बहुत से लोगों ने इस विषय में कानूनी कार्रवाई की बात कही लेकिन संसद के अंदर दिए गए इस भाषण पर नियम अनुसार संसद के बाहर किसी भी आईपीसी सेक्शन या अन्य कानून के अंतर्गत कोई मुकदमा नहीं बन सकता, सांसदों को मिले विशेषाधिकार के अंतर्गत संसद के अंदर किए गए किसी भी बयान वक्तव्य या शब्दों को लेकर किसी भी कानूनी स्तर पर सदन के बाहर कार्रवाई नहीं हो सकती, लेकिन नये संसद भवनमें प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीकी सभी सांसदोंसे संयमित भाषा और आचरणकी अपीलके महज तीन दिनमें ही अभद्र और आपत्तिजनक भाषासे लोकतंत्रके मन्दिरकी गरिमा तार-तार हो गयी। भाजपा सांसद रमेश विधूड़ीने बसपा सांसद दानिश अलीके खिलाफ ऐसे अपशब्दों का इस्तेमाल किया है, जिसकी जितनी भी निन्दा की जाय, कम होगी। उनकी संसदमें इस्तेमाल भाषाने सड़ककी भी भाषाको मात कर दिया है। भाजपा नेताओंने भले ही इसकी निन्दा की और पार्टीने कारण बताओ नोटिस जारी किया है लेकिन आवश्यकता इसकी है कि उनके खिलाफ काररवाई कर उदाहरण पेश किया जाय, ताकि उनके जैसे बड़बोले नेताओंको सबक मिले। राजनीतिक विमर्शमें असंसदीय व्यवहार और अवांछनीय शब्दावलीका इस्तेमाल लोकतंत्रके लिए अशुभ है | देश नेताओंकी ओर देखता है, वे जो कहते हैं-करते हैं, वह मिसाल बनता है लेकिन यह सवाल अब आम है कि कानूनी संरक्षणकी आड़ में आखिर कबतक सांसद, विधायक असंसदीय, अमर्यादित और अपशब्दोंकी बौछार करते रहेंगे और क्यों ? सच यही है कि इस मामलेमें सामान्य भारतीय कानून सदनके अन्दर लागू नहीं होता है । संसद या विधानसभामें सजा देनेका काम सिर्फ पीठासीन अधिकारी ही कर सकते हैं। पीठासीन अधिकारी भी ऐसी अमर्यादित टिप्पणियोंको ज्यादातर अनसुना कर देते हैं और बहुत हुआ तो उस हिस्सेको सदनकी काररवाईसे हटानेका निर्देश दे देते हैं, लेकिन पीठासीन अधिकारी अपने अधिकारोंका असलमें उपयोग करें तो इस तरहके मामलों पे रोक लगाई जा सकती है।

## चुनाव के लिए तैयार पाकिस्तान, क्या सुधरेंगे हालत?

**पाकिस्तान** चुनाव आयोग ने गुरुवार को यह ऐलान किया कि वहां आम चुनाव जनवरी के आखिरी सप्ताह में होंगे। हालांकि वोटिंग की तारीखें घोषित नहीं हुई हैं, लेकिन मौजूदा हालात में यह स्पष्ट किया जाना भी कम नहीं है कि अगली सरकार चुनने का काम जनवरी के आखिर तक हो जाएगा। पिछले अगस्त में तत्कालीन शहबाज शरीफ सरकार ने नैशनल असेंबली का कार्यकाल पूरा होने से कुछ दिन पहले इसे भंग कर दिया था। उसके बाद नियमों के अनुसार नए चुनावों के लिए 90 दिन का वक्त था। लेकिन जनगणना और परिसीमन संबंधी मुश्किलों के चलते यह भी तय था कि इस बार चुनाव में और देर होगी। राजनीतिक तौर पर भी पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी ने हालात को जटिल बना रखा है। आर्थिक तौर पर तो पाकिस्तान गंभीर संकटों से गुजर ही रहा है। जुलाई में मिले इंटरनैशनल मॉनेटरी फंड (IMF) के 3 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज की बदौलत वह अपने ऊपर मंडराते डिफॉल्ट के खतरे को कुछ समय टालने में कामयाब जरूर हो गया है, लेकिन संकट लगातार बना हुआ है। खासकर आसमान छूती महंगाई ने आम लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। ऐसे चौतरफा संकट के दौर में जो चीज हालात को और कठिन बना रही थी, वह थी अगले चुनावों को लेकर बनी अनिश्चितता। हालांकि अंतरिम प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ की कामचलाऊ सरकार वहां रोज के कामकाज देख रही है, लेकिन यह आशंका सभी संबंधित पक्षों को परेशान कर रही थी कि कहीं मौजूदा संकटों का हवाला देते हुए ही चुनाव आगे न खिसका दिए जाएं। यही वजह है कि चुनाव आयोग की घोषणा ने वहां उम्मीद की लहर पैदा की है। इसकी झलक राजनीतिक हलकों में ही नहीं, पाकिस्तान के बेंचमार्क इंडेक्स KSE 100 में भी दिखी जो चुनाव आयोग की घोषणा के बाद 550 अंक ऊपर आ गया। लेकिन अहम सवाल यह है कि चुनावों की घोषणा ने राजनीतिक स्थिरता की जो उम्मीद पैदा की है, क्या चुनाव नतीजे उसे पूरा कर पाएंगे? इसका जवाब हां में देना फिलहाल मुश्किल इसलिए लग रहा है कि पिछले कुछ समय से लोकप्रियता के ग्राफ में सबसे ऊपर चल रहे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल में हैं और चुनाव लड़ने के अयोग्य ठहराए जा चुके हैं। हालांकि उनकी पार्टी PTI फिर भी चुनाव की दौड़ में है और पूरी कोशिश करेगी कि उसे इमरान समर्थकों की सहानुभूति का अधिक से अधिक फायदा मिले। मगर एक तो उन्हें लेकर पाकिस्तानी फौज का गुस्सा बरकरार है और दूसरे, बिलावल भुट्टो जरदारी और शहबाज शरीफ की पार्टियां भी मौजूदा समीकरण का अधिकाधिक फायदा उठाने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखेंगी। ऐसे में चुनाव के बाद सत्ता चाहे जिस किसी भी पार्टी को मिले, अगर उस वजह से वहां थोड़ी शांति और स्थिरता कायम होती है तो यह न केवल उस देश के लिए बल्कि पूरे दक्षिण एशिया के लिए राहत की बात होगी।




## जम्मू से बनिहाल रेल सेवा जुड़ने से बदलेगी कश्मीर की किस्मत




**जम्मू,** नई दिल्ली ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक का काम जोर-शोर से चल रहा है. 272 किलोमीटर लंबी यूएसबीआरएल परियोजना के 161 किलोमीटर रेलमार्ग को पहले ही खोल दिया गया है. बाकी बचे 111 किलोमीटर लंबे कटड़ा-बनिहाल सेक्शन पर भी 95 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है. उम्मीद है कि साल 2023 के अंत तक इस सेक्शन पर भी सारा काम पूरा हो जाएगा. जनवरी 2024 से कश्मीर पूरी तरह रेलमार्ग से देश के अन्य हिस्सों से जुड़ जाएगा. जम्मू से श्रीनगर के बीच रेलवे की वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भी चलाई जाने की योजना है पर्यटन की दृष्टि से जहां लोग जम्मू कश्मीर श्रीनगर जैसे स्थानों पर घूमने जाते हैं वही धार्मिक दृष्टि से भी कटरा माता वैष्णो देवी व यात्रा के दौरान अमरनाथ यात्रा में लाखों श्रद्धालु जाते हैं साथ ही श्रीनगर डल झील आदि स्थानों पर पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से यह रेल सेवा बहाल होने से पर्यटन के क्षेत्र में एक नई क्रांति आएगी। वादियो के बीच से रेल सेवा को लंबी दूरी से जुड़ने से जहां कई सुविधाएं निवासियों को भी मिलेगी वही आवश्यक वस्तुओं व जीवन उपयोगी वस्तुओं के माल भाड़ा जैसे अधिक लागत के चलते महंगी हो रही कीमतों में काफी कमी आने की भी संभावना है। अभी तक कटरा से लेकर बनिहाल तक लोक सड़क मार्ग से ही ज्यादातर सफर करते हैं जो काफी जोखिम भरा भी होता है हालांकि राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य मार्गो को जहां विस्तार करते हुए सिक्स लाइन के रूप में परिवर्तित कर दिया गया है लेकिन देश के अन्य जगह से आने वाले पाठकों के लिए रेल सेवा एक अच्छा अनुभव हो सकता है।

# मासिक राशिफल

**मेष** - राशि वालों, निश्चिंत हो जाइए, आपके अक्टूबर में चिंता की कोई खास बात नहीं है। इस महीने आपके करियर को उल्लेखनीय बढ़ावा मिलेगा और अच्छी ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। स्वाभाविक रूप से, आपके पास वित्त का भी संतोषजनक प्रवाह होगा। प्रेम के मामले में अक्टूबर सामान्य रूप से उत्साहजनक है।

**वृषभ** - राशि के लिए उतार-चढ़ाव का मिश्रण है। करियर में उनके लिए अच्छा समय रहेगा। हालाँकि, कार्यस्थल पर किसी बड़ी वृद्धि या उन्नति की उम्मीद न करें। राशि के विवाहित जातक भी अपने प्रेम जीवन या रिश्ते में महत्वपूर्ण समस्याओं से गुजर सकते हैं। गरमागरम बहसें, झड़पें और मतभेद होंगे।

**मिथुन** - राशि वालों खुश रहें, आपके अक्टूबर राशिफल 2023 में आपके लिए करियर में काफी संभावनाएं हैं। यदि आप महसूस कर रहे हैं कि आपके काम का प्रवाह हाल ही में थोड़ा स्थिर है, तो यह केवल अच्छे के लिए है। बेहतर चीज़ें आने वाली हैं

**कर्क**- राशि वालों, अपनी सीट बेल्ट बांध लें! आपका अक्टूबर राशिफल आपके लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। जीवन के सभी पहलुओं में आपकी क्षमताओं की परीक्षा होगी। यदि आपका कामकाजी जीवन सुचारू चल रहा है, तो अक्टूबर में सब कुछ पहले जैसा नहीं रहेगा।

**सिंह**- राशिफल के लिए शनि की स्थिति सिंह राशि वालों के लिए चुनौतियां लेकर आने वाली है । लेकिन चंद्र राशि में बृहस्पति की अनुकूल स्थिति से गेंद आपके पाले में है। हमारे ज्योतिषी भविष्यवाणी करते हैं कि आपके करियर और शैक्षणिक जीवन में पर्याप्त अवसर होंगे।

**कन्या**- राशि वालों के लिए समय बहुत अच्छा या बहुत बुरा नहीं है। करियर बनाने या बदलने में उन्हें भाग्य का साथ मिलेगा। बेहतर निर्णय लेने की क्षमता और संभवतः काम में बेहतर विकल्पों से पुरस्कृत होगे.

**तुला**- राशिफल वालों के लिए उतना अच्छा नहीं है । आपको अपने करियर में उतार-चढ़ाव से गुजरना पड़ेगा। कार्यस्थल पर सहकर्मियों से उदासीन व्यवहार हो सकता है। संभव है कि आपके प्रयासों का श्रेय कोई और ले लेगा

**वृश्चिक** - राशि वालों के लिए औसत रहेगा। उनके पास चिंता करने की कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन आप जीवन के कई पेशेवर पहलुओं में परीक्षण के दौर से गुजरेंगे। आपके कामकाज में विसंगतियां हो सकती हैं।

**धनु** - राशिफल आपके लिए कई प्रकार के परिणाम लेकर आसकता है ।अंतर्राष्ट्रीय यात्रा और सफल रोजगार उपलब्धि की संभावनाएँ संभव हैं। हालाँकि, व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा,प्रतिक्रिया के लिए तैयार रहें।

**मकर**- राशिफल में राहु की स्थिति चौथे घर में है। इससे ध्यान भटक सकता है जो दर्शाता है कि राशिफल के अनुसार अक्टूबर में भारतीयों को अपने शैक्षिक प्रयासों में अधिक काम करने की आवश्यकता हो सकती है।

**कुंभ**- राशिफल से पता चलता है, शनि अपनी ही राशि में पहले घर में है और बृहस्पति तीसरे घर में है। यह कुंभ राशि के स्थानीय लोगों के लिए उनके करियर में कठिनाइयाँ पेश कर सकता है। इससे मुश्किलें और दबाव बढ़ने के साथ-साथ तनाव और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं।

**मीन** - राशि के जातकों को इस माह कार्यस्थल पर तनाव और चुनौतियाँ मिल सकती हैं, जिसके कारण कुछ लोग अपना कार्यक्षेत्र बदलने पर विचार कर सकते हैं। जो लोग पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे हैं उनके लिए देरी या निराशा अप्रिय हो सकती है।

## आस्था शारदीय नवरात्रि



इस साल शारदीय नवरात्रि का त्योहार कब मनाया जाएगा, कलश स्थापना का समय क्या है और मां दुर्गा आइए हम आपको बताते हैं.आस्था के इस लेख में सर्वस्वरुपे सर्वेशे सर्वशक्तिमन्विते । भये भ्यस्त्राहि नो देवि दुर्गे देवि नमो स्तुते, माता रानी के उपासक साल भर शारदीय नवरात्र का इंतजार करते हैं. ऐसे में इस साल शारदीय नवरात्रि का त्योहार कब मनाया जाएगा और कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त क्या है, आइए हम आपको बताते हैं इस लेख में. साथ ही उन चार मंत्रों को भी बताते हैं जिनका उच्चारण करने से माता रानी प्रसन्न होती हैं और अपनी कृपा भक्तों पर बनाए रखती हैं.हर साल शारदीय नवरात्रि आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होती है. इस साल शारदीय नवरात्रि 15 अक्टूबर 2023 से शुरू होगी और 24 अक्टूबर 2023 तक चलेगी, ऐसे में शारदीय नवरात्रि की शुरुआत कलश स्थापना से की जाती है और कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त 15 अक्टूबर 2023 को सुबह 11:44 से शुरू होकर दोपहर 12:30 तक रहेगा. इस दौरान भक्त अपने घर में या पांडाल में कलश स्थापना कर सकते हैं, इसके साथ ही पहले दिन माता रानी के स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की जाती है. इनचार मंत्रों का करें जापमां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए पूजा के दौरान अगर आप इन चार मंत्रों का उच्चारण करते हैं, तो माता रानी प्रसन्न होती हैं और अपना आशीर्वाद आप पर बनाए रखती हैं-

सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोऽस्तुते।।

# झोला छाप डॉक्टर के इलाज से एक महिला की मौत

**औरैया :** जनपद में झोला छाप डॉक्टर के इलाज से मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा जहां अजीतमल कोतवाली क्षेत्र में एक सप्ताह से निरंतर दिन प्रतिदिन मृत्यु का सिलसिला जारी है।इस वक्त की बड़ी खबर अजीतमल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बाबरपुर फफूंद रोड स्थित शास्त्री नगर में झोला छाप डॉक्टर अनोखेलाल राजपूत के यहां इलाज कराने आई पार्वती पत्नी खुशी राम उम्र करीब 35 वर्ष निवासी बेरी कपरिया हाल निवास शास्त्री नगर बाबरपुर इलाज कराने आई जहां झोलाछाप डॉक्टर अनोखे लाल राजपूत ने महिला को बोतल लगा दी बोतल खत्म होते ही महिला की तबीयत बिगड़ गई और हालात को बिगड़ता देख झोलाछाप डॉक्टर ने महिला को रेफर कर दिया जहां रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। महिला मोती झील अस्पताल इटावा पहुंची उससे पहले उसकी रास्ते में मृत्यु हो चुकी थी। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन महिला के शव को लेकर डॉक्टर के पास आए और हंगामा शुरू कर दिया हंगामा बढ़ते देख क्लीनिक और मेडिकल संचालक वहां से भाग गए। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी तभी कोतवाली प्रभारी ललित कुमार मय पुलिस फोर्स घटना स्थल पर पहुंचे घटना की सूचना क्षेत्राधिकारी भरत पासवान, तहसीलदार जितेश कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक अवनीश कुमार, आदि लोगों को दी गई वह भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे वहीं पर आराध्या मेडिकल स्टोर और उसके साथ में मकान के दरवाजे को भी सील कर दिया।

**डॉक्टर की लापरवाही से गई जान**

# झोलाछाप डॉक्टर के गलत इंजेक्शन लगाने से अधेड़ की मौत

औरैयाः अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत झोलाछाप डॉक्टर के यहां इलाज करने गए एक युवक कीगलत इंजेक्शन लगाने से मौत हो गई। जिससे स्वजन ने हंगामा कर दिया। और क्लिनिक संचालक सत्यप्रकास अपनी दुकान बंद करके फरार हो गया । वहीं परिवार के लोगों ने कोतवाली में पहुंचकर शिकायती पत्र दिया। क्षेत्र के गांव चिटकापुर निवासी निवासी सत्यनारायण उम्र 52 वर्ष जो की मुजफ्फरनगर में टैंकर चलते थे। बुधवार को वह बाबरपुर क्लीनिक पर खुजली की दवा लेने गए वहां डॉक्टर ने गलत इंजेक्शन लगा दिया । और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जब इसकी सूचना पारिवार के लोगों को दी गई । तब वहां मौके पर जाकर देखा तो सत्यनारायण की मौत हो चुकी थी । और डॉक्टर मौके से दुकान बंद कर कर फरार हो गया था। जब परिवार के लोगों ने इसकी सूचना थाने में दी तव मौके पर पहुंच कर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। उसी गांव निवासी मीरा देवी ने बताया है कि मे भी उसी दुकान पर दवा लेने गया था।पहले मेरे इंजेक्शन लगाया गया उसके बाद सत्यनारायण को इंजेक्शन लगाया गया **था**।

## विधुत विभाग के लापरवाही आए सामने करंट लगने से भैंस की मौत

विद्युत विभाग के लापरवाही आए सामने विद्युत करंट लगने से भैंस की मौत, भैंस चरने गई खेतों पर जैसे ही विद्युत पोल के पास पहुंची तो पोल में करंट आ रहा था भैंस विद्युत पोल के नजदीक पहुंची तो वह चढ़ते चढ़ते विद्युत पोल के पास पहुंचकर करंट की चपेट में आगई और देखते ही देखते अपना दम तोड़ दिया किसान ने बताया लगभग इसकी कीमत १ लाख थी. विजय बहादुर पुत्र रामस्वरूप निवासी रतनीपुर बीकापुर ने बताया की हम भैंस चरा रहे थे जैसे ही भैंस विद्युत खंबे के पास पहुंची और उसे करंट लग गया जैसे ही मैं दौड़ा जब तक भैंस जमीन पर गिर गई थी मैं शोर मचाया लोग जुट गए .

# औरैया अजीतमल के कस्बा भीकेपुर में सीएमओ, एसडीएम द्वारा चलाया गया चेकिंग अभियान



**औरैया:** भीकेपुर सीएमओ दीक्षा के एसडीएम संध्या शर्मा ने गुलजारीलाल डॉक्टर के पास छापा मारते हुए दुकान को किया सी जबकि बताया गया कि एक बार इनको चेतावनी दे दी गई थी इसके बाद आयुर्वेदिक एलोपैथिक दवाइयां संचालित की जा रही थी और एसडीएम संध्या शर्मा के बताया कि इसको सील किया जाए नीडल बा दवाइयां संचालित किए जाने की मिलाई गई और अजीतमल सीएससी अधीक्षक ने जाकर वहां पर छापा मारा और दुकान को सील किया गया बीकापुर जूही का मार्ग पर स्थित दुकान थी

### गैर जनपद के किसानों को नहीं मिलेगी खाद

ऐरवाकटरा। गैर जनपद से आए किसानों को खाद नहीं दी जाएगी। यह निर्देश जिला कृषि अधिकारी शैलेंद्र कुमार वर्मा ने खाद विक्रेताओं को दिए हैं। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष ने इसकी सराहना की है। जिले में किसानों को खाद की उपलब्धता बनाए रखने के उद्देश्य से इटावा, कन्नौज तथा कानपुर देहात से लगने वाली सीमाओं के कंचौसी, बेला, याकूबपुर, ऐरवाकटरा, उमरैन, वैवाह, घसारा, अनंतराम, देईपुर, बरौनाकला,लहरापुर, अयाना आदि कस्बों और गांवों के दुकानदारों को गैर जनपद के किसानों को उर्वरक बिक्री पर रोक लगाए जाने के निर्देश दिया गया है। भारतीय किसान यूनियन भानु के जिलाध्यक्ष अनिल चौहान, जिला महामंत्री जितेंद्र परिहार, दीपक सिंह, पंकज चौहान, रवि सिंह आदि ने प्रशासन के इस निर्देश का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इससे औरैया जिले में उर्वरक की उपलब्धता बढ़ेगी और किसानों को आगामी रबी की आलू, लहसुन, गेहूं, सरसों आदि की बुआई के समय पर्याप्त यूरिया, डीएपी, एनपीके, एमओपी, एसएसपी आदि मिल सकेगी। गैर जनपद के किसानों को उर्वरक न दिए जाने से दुकानदारों द्वारा की जा रही खाद की कालाबाजारी और ओवर रेटिंग पर भी काफी हद तक रोक लग सकेगी।

## बिजलीघर हैंडओवर होने की नहीं थी अधिकारियों की जानकारी

दिबियापुर। यूपीएसआईडीसी ने प्लास्टिक सिटी में बना बिजलीघर बिजली विभाग को हैंडओवर कर दिया। हैरत है कि तत्कालीन विभागीय बिजली अधिकारियों ने इसकी जानकारी विभाग को ही उपलब्ध नहीं कराई। जिससे यहां पर किसी कर्मचारी की तैनाती नहीं हुई। विभागीय अधिकारी मानते हैं कि यदि हैंडओवर होने की जानकारी होती तो यहां पर अवर अभियंता की तैनाती करके आसपास बिजली आपूर्ति शुरू कर दी जाती। इससे बिजली का सामान चोरी नहीं होता।

बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार 19 सितंबर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। इसमें यूपीएसआईडीसी के अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2008 में प्लास्टिक सिटी में बनी बिजली लाइन, पावर हाउस आदि बिजली विभाग को हैंडओवर किया जा चुका है। इसके बाद कागजात खंगाले गए तो पता चला कि वर्ष 2019 में तत्कालीन अधीक्षण अभियंता अनूप चंद्रा को भी बिजली घर हैंडओवर होने की जानकारी नहीं थी।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार यदि हैंडओवर होने की जानकारी होती तो विभाग बिजली लाइन को ऊर्जीकृत कराके आसपास के क्षेत्र की बिजली आपूर्ति और बेहतर कर सकते थे। साथ ही यहां पर कम से कम एक बिजली विभाग के अवर अभियंता की तैनाती की जाती। लाइनें ऊर्जीकृत होने से यहां बिजली के सामान की चोरी रोकी जा सकती थी। इससे लगभग 15 वर्षों में पौने तीन करोड़ रुपये के सामान की चोरी रुक सकती थी। अब विभाग पुलिस की विवेचना रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अभी भी प्लास्टिक सिटी में लगभग 50 प्रतिशत सामान बचा है। अधिकारियों के आदेश पर कटे एवं टूटे तारों की मरम्मत एवं गायब उपकरण के स्थान पर दूसरे उपकरण लगाए जाने का काम शुरू हो जाएगा।

## जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने समाधान दिवस पर समस्याओं का किया निस्तारण

**औरैया-** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने सहार थाने पर आयोजित समाधान दिवस में आए समस्या संबंधी आवेदन पत्र के आवेदकों से आवेदन लेते हुए उनकी समस्याओं का संज्ञान लिया और संबंधित हल्का इन्चार्ज, लेखपाल को निर्देशित किया कि जो भी समस्या प्राप्त हुई है उसकी स्थलीय जांच करते हुए निर्धारित समय में नियमानुसार निस्तारण कराना सुनिश्चित करें और इस संबंध में पीड़ित को अवगत भी कराएं। उन्होंने कहा कि निस्तारण में यह प्रयास किया जाए कि दोनों पक्ष संतुष्ट हों जिससे समस्या का निस्तारण स्थाई हो सके। इस अवसर पर भूमि विवाद एवं अवैध कब्जा की अधिकता शिकायतें प्राप्त हुई जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित थाना प्रभारी एवं उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण स्थानीय जांच कर की जाएं तथा सम्बन्धित को भी अवगत कराया जाए।इस दौरान उक्त द्वय अधिकारियों द्वारा थाने का निरीक्षण करते हुए शस्त्रागार, बंदी ग्रह, कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण तथा गैंग चार्ट पंजिका, जी.डी., माल संपत्ति पंजिका का अवलोकन करते हुए निर्देश दिए कि पंजिकाओं में नियमानुसार की जाने वाली कार्यवाही की टिप्पणी अवश्य अंकित की जाए ताकि अवसर आने पर उनको देखा जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त पंजिकाओं को अद्यतन रखा जाए। उन्होंने पंजिका व पत्रावलियां व्यवस्थित ढंग से रखने तथा थाना परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था बनाए रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने इस अवसर पर थाना परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरे तथा उनके संचालन की प्रक्रिया को भी देखा।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बिधूना निशांत तिवारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस, लेखपाल, संबंधित थानाध्यक्ष व शिकायतकर्ता उपस्थित रहे।

## चारपाई पर लेटे युवक को सर्प ने काटा

औरैया। अजीतमल तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महाराजपुर पोस्ट हैदरपुर निवासी इंद्रपाल राजपूत पुत्र रामप्रसाद राजपूत उम्र करीब 40 वर्ष अपने घर पर चारपाई पर लेटे थे तभी सुबह 4:00 बजे के करीब युवक को सर्प ने काट लिया, सर्प के काटने की सूचना परिजनों को मिली युवक को लेकर परिजन ईलाज के लिए दौड़े, पड़ोसियों ने सर्प को मार दिया और पीड़ित का वैध से ईलाज कराया। लोगों ने बताया कि अब उनकी हालत ठीक है।बारिश के मौसम में कीड़े मकोड़े आदि घरों में घुसने लगे। लोगो को सावधानी बरतनी चाहिए।



### बेटे ने मां-बाप को कुल्हाड़ी से काटकर किया मरणासन्न हत्याकांड के बाद आरोपी फरार

**औरैया।** एक बेटे ने अपने बुजुर्ग मां-बाप की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। छोटे भाई ने अपने बड़े भाई पर हत्या का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि हत्यारोपी के 2 बेटियां हैं, कोई बेटा नहीं था, इसलिए बुजुर्ग पिता ने उसे जमीन में कोई हिस्सा नहीं दिया था। इसी बात को लेकर कई बार विवाद हो चुका था। बीती रात को झोपड़ीनुमा घर में सोते समय बड़े बेटे ने कुल्हाड़ी से माता-पिता के सिर पर वार कर हत्या कर दी। हत्याकांड की वारदात पुरानी दिबियापुर गांव की है।सुबह करीब 4 बजे छोटा भाई मौके पर पहुंचा तो माता-पिता के शव तख्त पर लहूलुहान हालत में पड़े देखे। पता चला कि बड़ा भाई मौके से फरार है। उसने आनन फानन में पुलिस को सूचना दी। एसपी चारु निगम समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा। दंपती के शव कब्जे में लेकर आरोपी की पत्नी को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।बताया जाता है कि पुरानी दिबियापुर निवासी श्यामलाल (75) के तीन बेटे हैं। रमाकांत, उमाकांत और सर्वेश। तीनों गांव में अलग-अलग मकानों में रहते हैं। श्यामलाल अपनी पत्नी राम जानकी के साथ झोपड़ी में रहते हैं। दोनों की देखरेख छोटा बेटा सर्वेश करता है।गांव के लोगों ने बताया कि श्यामलाल के बड़े बेटे रमाकांत के 2 बेटियां हुईं थीं। बेटियों की शादी हो जाती तो रमाकांत की जमीन का कोई वारिस न रह जाता। इसीके चलते श्यामलाल ने बड़े बेटे रमाकांत को जमीन में हिस्सा ही नहीं दिया था। गांव में 7 बीघा खेत में 2 भाइयों सर्वेश और उमाकांत का हिस्सा था और रमाकांत का नहीं था।हाल ही में 1 बीघा जमीन बेची गई थी लेकिन उसका रुपया रमाकांत को भी नहीं मिला था। इसको लेकर दो दिन पहने रमाकांत का अपनी माता - पिता से विवाद भी हुआ था। रमाकांत जमीन में अपना हिस्सा मांग रहा था लेकिन पिता देने को तैयार नहीं था।छोटे बेटे सर्वेश ने बताया," शुक्रवार की सुबह करीब 4 बजे जब मैं टहलते हुए झोपड़ी के पास गया तो पिता श्यामलाल व माता रामजानकी का शव पड़ा मिला। दोनों के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला करने के निशान थे। मेरे बड़े भाई रमाकांत ने दोनों की हत्या की है। हत्याकांड के बाद मैं उसके घर दौड़कर गसा तो वो फरार हो गया था। इसके बाद मैंने पुलिस को सूचना दी। "एसपी ने बताया," मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की गई है। परिजनों से गहनता से पूछताछ की गई, जिसमें जमीन बंटवारे का विवाद सामने निकलकर आया है। बड़ा बेटे रमाकांत पर हत्या का आरोप है। वो हत्याकांड के बाद से मौके से फरार है। उसकी पत्नी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। दोनों बेटियों से भी पूछताछ की गई है। आरोपी की धरपकड़ के लिए टीमें लगा दी गई हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। गांव में एहतियातन फोर्स तैनात कर दिया गया है।

### जो अधिवक्ता घायल हुए है उन्हें मुआवजा दिया जाये



जनपद हापुड में पुलिस ने जिस वर्वरता पूर्वक अधिवक्ताओं पर विशेषकर महिला अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज किया है जिसमें बहुत से अधिवक्ता घायल हुए है। जिनका इलाज चल रहा है उक्त घटना से अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है और बार एसोशिएसन तहसील अजीतमल घोर निन्दा करती हैं। उक्त घटना के 15 दिन व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी आज तक शासन द्वारा कोई ठोस सन्तोषजनक कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है। जिससे सम्पूर्ण प्रदेश का अधिवक्ता आकोशित है। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुई लाठी चार्ज के सम्बन्ध में वार एसोशिएसन की मांग.

# गलत इलाज से युवक की मौत, डॉक्टर ने भगंदर का ऑपरेशन करते समय काटदी थी नस

**औरैया।** फफूंद नगर के बकरमंडी के पास में बंगली डॉक्टर के नाम से एक दुकान है। गुरुवार की दोपहर को एक युवक भगन्दर का ऑपरेशन करवाने के लिए गया हुआ था। ऑपरेशन करते समय गलत नश कट जाने से खून बन्द नहीं हुआ। जिससे डॉक्टर ने उसे औरैया के लिए रेफर कर दिया।औरैया ले जाते समय रास्ते मे उसकी मृत्यु हो गई। डॉक्टर फरार हो गया। परिजनों और ग्रामीण ने थाने में जमकर हंगामा काटा।थाना क्षेत्र के गाँव रोशनपुर निवासी आदेश उर्फ सोनू पुत्र ब्रजेश कुमार दोहरे खेती किसानी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था।सोनू की एक वर्ष पूर्व शादी हुई थी।सोनू को भंगदर की बीमारी हो गई थी,गुरुवार की दोपहर को सोनू भंगदर की बीमारी का ऑपरेशन करवाने के लिए फफूंद नगर के बकरमंडी के पास में स्थित बंगाली दवा खाना पर पहुंचा।डॉक्टर ने ऑपरेशन कर रहा था,ओपरेशन करते समय डॉक्टर से गलत नश काट गई।जिससे उसके खून निकलने लगा,खून ज्यादा निकल जाने से उसकी हालत बिगड़ गई,तभी डॉक्टर ने उसे औरैया ले जाने के लिए परिजनों से कहा परिजन औरैया ले कर जा रहे थे,तभी रास्ते मे उसकी मृत्यु हो गई। म्रतक के परिजन व ग्रामीण एकत्रित हो कर शव को लेकर फफूंद थाने पहुच गये।जहां पर उन्होंने सीओ अजीतमल भारत पासवान को घटना बताई। जिसपर उन्होंने डॉक्टर के विरुद्ध कार्यवाही का भरोसा दिया। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के वाद डॉक्टर अपनी दुकान बंद करके भाग गया है। सुरक्षा की दृष्टि से औरैया कोतवाल पंकज शर्मा, अछल्दा इस्पेक्टर मुकेश चौहान पहुच गये थे।

## संदिग्ध परिस्थिति में मिला ऑटो चालक युवक का शव

औरैया।अजीतमल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मन्नी लाल उर्फ मुकेश दोहरे पुत्र सतनाम दोहरे उम्र करीब 25 निवासी ग्राम जगदीश पुर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बिरूहनी शराब ठेके के पास मिला। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।आज दिनांक 22/23 सितंबर की रात्रि थाना क्षेत्र अजीतमल के भीखेपुर से जुआ मार्ग पर ग्राम बिरहुनी के निकट शराब के ठेका के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला, पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली,प्रथम दृश्या युवक ने कोई जहरीले पदार्थ का सेवन किया उसके मुंह पर कुछ सफेद पाउडर लगा था और उसके पास से एक जहरीले पदार्थ का पैकेट प्राप्त हुआ। ऑटो, मोबाइल, और चप्पल पास में ही मिला।

## लापता ऑटो चालक का कन्नौज में मिला शव

औरैया से तीन दिन लापता ऑटो चालक का कन्नौज में उमरदा के पास नहर किनारे बबूल के जंगल में शव पड़ा मिला। ऑटो चालक को बुकिंग के नाम पर बुलाया गया था। पुलिस ने घटना में संदेह के आधार पर तीन लोगों को हिरासत में लिया था। उनकी निशानदेही पर शव बरामद किया है।औरैया कोतवाली क्षेत्र के सैनिक नगर निवासी संतोष कुमार का बेटा रिशू (28) ऑटो चालक था। वह 15 सितंबर की रात से लापता था। पुलिस ऑटो चालक की तलाश में जुटी थी। परिजनों द्वारा जताए गए संदेह के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों को लेकर पूछताछ की। पकड़े गए लोगों की निशानदेही पर ही सोमवार देर शाम पुलिस ने कन्नौज जिले के थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के उमरदा के कटइया गांव के पास नहर किनारे बबूल की झाड़ियों से शव बरामद किया है। मृतक के भाई अभिजीत व पिता संतोष कुमार ने पुलिस के साथ कन्नौज पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंच कर शव की शिनाख्त की है।पुलिस सूत्रों की माने तो हिरासत में लिए गए लोगों से कड़ाई से की गई पूछताछ में हत्या का राज खुला। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि पहले ऑटो चालक को नहर के पानी में डुबोकर मारने की कोशिश की, इसके बाद पीटकर मार डाला। हालांकि पुलिस अधिकारी पूरे मामले में गहराई से तहकीकात किए जाने की बात कह रही है। इस मामले में सदर कोतवाली क्षेत्र के जेसीस चौराहे से भी पुलिस को कई अहम सुराग हाथ लगे है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले से मृतक के पास के एक होटल में आना जाना था। वह ऑटो लेकर भी यहां आता था। अभियुक्त गण ने पूछताछ करने पर अपने जुर्म को स्वीकार करते हुए अभियुक्त अजय कुमार द्वारा बताया गया कि हम तीनों ने रिशूबाबू के ऑटो को लूटने के उद्देश्य से 15 सितंबर को जालौन चौराहा से रिजर्व करके इन्दरगढ कन्नौज जाने की बात कहकर ले गये थे। जैसे ही हम लोग उमर्दा नहर के पास जंगल मे पहुँचे तो मैने हरईपुर मोड की तरफ आटो ले चलने को कहा तभी ऑटो में पीछे बैठे विकास सक्सेना व शिवम ने ऑटो में रखी रस्सी लेकर चालक रिशूबाबू के गले में फंसाकर खींचकर मारने का प्रयास किया। इसके बाद हम लोगों नें उसे पानी में डुबाकर मारकर वहीं जंगल में खरपातवार की झाड़ियों में शव को छिपा दिया और हम लोग वहां से ऑटो लेकर आ रहे थे तभी दिबियापुर नहर सर्विस रोड कंचौसी मार्ग पर ऑटो का पहिया फटने के कारण ऑटो को छोड़ कर भाग गए

### विवाहिता ने फाँसी लगा कर अपनी जीवन लीला को किया समाप्त, वर्ष 2020 में हुई थी शादी

**औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के मुरादगंज चौकी अंतर्गत जैनपुर गाँव में विवाहित महिला ने छत के कड़े से फाँसी लगा कर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुँचे क्षेत्राधिकारी अजीतमल भरत पासवान ने उच्चाधिकारियों को सूचित कर फोरेंसिक टीम को अवगत कराया मौके पर फोरेंसिक टीम ने शव को उतरवा कर तहकीकात कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के जैनपुर निवासिनी शालिनी पत्नी अवधेश निषाद अपनी दादी सास गिरजा देवी के साथ गांव में ही रहती थी बुधवार की सुबह गांव के ही शंकर निषाद की पुत्री दूध लेने के लिए उसके घर के अंदर गये तो छत के कड़े में रस्सी के फंदे पर शालिनी को लटकता देखा तो वह चीखकर बाहर आ गई गांव के लोगों को बताया, जिसे देख गाँव के लोग दंग रह गयेवही गाँव के लोगों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी।सूचना पाकर मौके पर पहुँचे क्षेत्राधिकारी भरत पासवान ने शव को फंदे से उतरवा कर महिला के परिजनों को सूचना करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।वही मृतक महिला की माँ गुड्डी देवी निवासी गढा कासदा,जिला इटावा ने बताया कि मेरी पुत्री की शादी 2020 में अवधेश पुत्र स्व छविनाथ के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। मेरी पुत्री को उसका पति शादी के बाद से परेशान करने लगा था जब भी मेरी पुत्री से बात होती थी तो यही कहती थी कि लकड़ा अच्छा नहीं है।

## एसपी के नेतृत्व में हुआ बलवा ड्रिल अभ्यास



औरैया मुख्यालय ककोर मैदान में पुलिस अधीक्षक चारू निगम की उपस्थिति में बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया। प्रतिसार निरीक्षक द्वारा बलवा या दंगा होने के दौरान पुलिस की तरफ से की जाने वाली कार्रवाई को अलग- अलग टीमें बना कर अभ्यास कराया गया, जिसमें पुलिस पार्टी, एल,आई,यू पार्टी, सिविल पुलिस पार्टी, फायरब्रिगेड पार्टी, लाठी पार्टी, चिकित्सा पार्टी व रिजर्व पार्टी आदि के रूप में पुलिस कर्मियों को अभ्यास कराते हुए उग्र भीड़ को तितर-बितर तथा उनकी जनशक्ति को विभाजित करने के लिए एंटी राइट गन, प्लास्टिक प्लेट्स, चिली बम व टियर गैस गन का प्रयोग करने का प्रदर्शन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा दंगाइयों को कंट्रोल करने का प्रशिक्षण दिया गया, इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक दिगम्बर कुशवाहा, समस्त क्षेत्राधिकारी तथा प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित समस्त थाना प्रभारी व अन्य पुलिस मौजूद रहे।

### ट्यूरिस्ट बस में ट्रक ने मरी जोरदार टक्कर

औरैया में ट्यूरिस्ट बस में ट्रक ने मरी जोरदार टक्कर रिपोर्टर रजनीश कुमारखड़ी बस में पीछे से ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर। टक्कर लगने से एक दर्जन से अधिक बस सवार यात्री हुये घायल। सूचना पर पहुँची पुलिस ने सभी घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद JCV व हाइड्रा की मदद से बाहर निकलवा कर एम्बुलेंस से जिला अस्पताल औरैया भेजा।गोरखपुर से चारधाम, मथुरा, वैष्णों देवी आदि तीर्थ स्थानों पर दर्शन करने जा रहे थे श्रद्धालु।घटना की सूचना पर अपर जिला अधिकारी MP सिंह, तहसीलदार सहित भारी पुलिस प्रशासन जिला अस्पताल पहुँचा। औरैया सदर कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाइवे मिहोली के पास की घटना।

# एपल, सैमसंग जैसी कंपनियों को राहत, बिना लाइसेंस एक साल और आयात कर सकेंगे कंप्यूटर, लैपटॉप



भारत सरकार लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर के आयात के लिए लाइसेंस की अनिवार्यता की समयसीमा को और एक साल तक बढ़ा सकती है। सरकार के दो वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। एपल, सैमसंग और लेनोवो जैसी बड़ी कंपनियों के लिए बहुत राहत की बात होगी। सरकार ने तीन अगस्त को अचानक बिना लाइसेंस इलेक्ट्रानिक उपकरणों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसका मकसद खराब गुणवत्ता वाले लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटरों के देश में आने से रोकना और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना था। इससे बड़ी कंपनियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। उद्योग जगत के विरोध के बाद सरकार ने इस योजना को लागू करने की समयसीमा तीन महीने बढ़ा दी थी। सूत्रों के मुताबिक, अब सरकार ने एक बार क्रियान्वयन की समय सीमा को एक साल बढ़ा दी है। इसका मतलब है कि अगले साल सितंबर तक बिना लाइसेंस के लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर आयात किए जा सकेंगे। इधर, आयकर विभाग ने करदाताओं से कहा है कि अगर उनको जल्दी रिफंड चाहिए तो वे इसके पहले के बकाये के संबंध में को जानकारी दें। सोशल मीडिया पर विभाग ने कहा, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए रिफंड को जल्दी पूरा करने के लिए उसके पहले के बकाये के संबंध में जी भी जानकारी मांगी जा रही है, उसे तुरंत देना चाहिए। कुछ करदाताओं को पहले के बकाये के संबंध में नोटिस विभाग मिला था। इस पर इन लोगों ने आयकर विभाग से सोशल मीडिया पर सवाल किया था। इसके जवाब में विभाग ने कहा, यह करदाताओं के लिए एक अच्छा उपाय है जहां उनको न्याय दिलाने के लिए एक अवसर दिया जा रहा है। ऐसे में उनको मदद करनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आने वाले समय में सेमीकंडक्टर की मांग बढ़कर पांच लाख करोड़ रुपये होगी। यह अभी दो लाख करोड़ रुपये है। माइक्रोन के प्लांट से पहले चिप का उद्घाटन दिसंबर, 2024 से होगा। दो बड़े सेमीकंडक्टर प्रस्ताव प्रक्रिया में हैं। आने वाले कुछ महीनों में इन पर फैसला हो जाएगा। गुजरात के साणंद में माइक्रोन के सेमीकंडक्टर प्लांट के भूमिपूजन पर वैष्णव ने कहा कि परियोजनाएं एक विशेष क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करेंगी, जहां भारत वैश्विक स्तर पर चिप के क्षेत्र में एक अगुवा के रूप में उभर सकता है। वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनियां इस क्षेत्र में भारत की प्रगति और जटिल नीतिगत निर्णयों को क्रियान्वित करने की क्षमता को देख रही हैं। इसने भारत को एक प्रमुख विश्वसनीय देश के रूप में विकसित किया है।

## एक से ज्यादा सिम कार्ड कहीं बढ़ा न दे आपके लिए मुसीबत ! Aadhaar Card से ऐसे करें पता

क्या आपके पास एक से ज्यादा सिम कार्ड है? या आपकी जानकारी में एक ही सिम है लेकिन आपके नाम से कई सिम कार्ड चल रही है? या फिर आप अपने नाम से चल रही सिम कार्ड से कहीं अनजान तो नहीं हैं? ऐसे तमाम सवालों का जवाब अगर हां है तो आपको थोड़ा सावधान हो जाना चाहिए। दरअसल, बिना आपकी जानकारी के चल रही सिम आपके लिए बड़ी समस्या खड़ी कर सकती हैं। जी हां, एक या दो सिम का होना आम बात है, लेकिन अगर इसे ज्यादा सिम कार्ड हो तो समस्या आपके लिए ही बढ़ सकती है। अगर आप सिर्फ एक सिम कार्ड चलाते हैं तब भी आपको एक बार जरूर चेक कर लेना चाहिए कि आपके नाम से कोई अन्य सिम कार्ड तो नहीं है? आइए सिम कार्ड से संबंधित जानकारी के बारे में आपको बताते हैं, साथ ही कैसे एक से ज्यादा सिम कार्ड का होना आपके लिए समस्या खड़ी कर सकता है?

### एक व्यक्ति के पास कितनी सिम कार्ड हो सकती हैं?




सिम कार्ड के लिए मुख्य दस्तावेज के तौर पर आधार कार्ड का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में आधार से आपके नाम पर कोई और भी सिम कार्ड बनवा सकता है। बिना आपके जानकारी के चल रही सिम से कोई गलत इस्तेमाल भी कर सकता है। इसलिए आपको ये जरूर चेक कर लेना चाहिए कि आपके नाम से कितने सिम कार्ड चल रहे हैं।

### Aadhaar Card से कैसे करें पता?

आधार कार्ड से कितनी सिम कार्ड चल रही है ये पता करने के लिए आप दूरसंचार विभाग का सहारा ले सकते हैं। इसके लिए tafcop.sancharsaathi.gov.in की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। यहां अपना आधार लिंक्ड फोन नंबर एंटर करें। इसके बाद एक ओटीपी मिलेगा, उसे एंटर करने के बाद आपके नाम से चल रही सभी सिम कार्ड की लिस्ट आ जाएगी। स्क्रीन पर आफ देख सकेंगे कि आपकी आधार कार्ड से कितने सिम कार्ड नाम चल रहे हैं।

### बिना मर्जी के सिम कार्ड को ऐसे करें ब्लॉक

अगर आपने चेक कर लिया है कि आपके आधार से कितनी सिम कार्ड चल रही है और उसमें आपको कुछ ऐसे नंबर दिखें हैं जिनके बारे में आपको कोई जानकारी नहीं है, तो ऐसे अनजान नंबर को आप ब्लॉक कर सकते हैं। बस इसके लिए आपको उस नंबर को लेकर रिपोर्ट करनी होगी और फिर दूरसंचार विभाग द्वारा नंबर को ब्लॉक करने से पहले जांच की जाएगी।

### बायोमेट्रिक और पुलिस वेरिफिकेशन जरूरी

आपको जानकारी के लिए बता दें कि हाल ही में सरकार की ओर से एक नियम भी लागू किया गया है। इस नियम के तहत सिम डीलर अब हर सिम कार्ड के लिए वेरिफिकेशन जरूर करेगा। सिम कार्ड देने से पहले बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन (SIM Card Biometric Verification) और पुलिस वेरिफिकेशन (SIM Card Police Verification) करना जरूरी कर दिया गया है।

## क्या प्रेग्नेंट हुई कैटरीना कैफ? रिवील हुई एक्ट्रेस के इवेंट्स से गायब होने की असली वजह



बॉलीवुड गलियारों से अक्सर चटपटी गॉसिप्स सामने आती ही रहती हैं। इन दिनों कैटरीना कैफ कैटरीना कैफ को लेकर भी कुछ मज़ेदार गॉसिप्स चल रही हैं। एक्ट्रेस की पर्सनल लाइफ पर फैंस कुछ टिप्पणियां कर रहे हैं। हाल ही में ऐसी रूमर्स सामने आई थीं कि विक्की कौशल और कैटरीना कैफ के घर से जल्द ही फैंस को एक बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। दरअसल, अब कैटरीना कैफ की प्रेगनेंसी रूमर्स तेज़ी से हर तरफ फैल रही है। कहा जा रहा है कि कैटरीना प्रेग्नेंट कैटरीना कैफ हैं लेकिन इन दावों में कितना दम है ये जानना भी ज़रूरी है। सबसे पहले तो ये पता करते हैं कि आखिर एक्ट्रेस प्रेग्नेंट है ये क्यों कहा जा रहा है। दरअसल, बीते कुछ दिनों से कैटरीना किसी भी पब्लिक इवेंट में नज़र नहीं आई हैं। इस तरह हर इवेंट, पूजा और सभी गेट टुगेदर से दूरी बनाकर एक्ट्रेस ने सभी के मन में सवाल खड़े कर दिए। हाल ही में अंबानी के घर पर हुई गणेश पूजा में जहां बॉलीवुड का हर बड़ा सितारा शामिल रहा, वहीं कैटरीना इस पूजा में दिखाई नहीं दी। इस तरह से पब्लिक अपीयरेंस से दूरी बनाकर उन्होंने फैंस के मन में शक पैदा कर दिया। जिसके बाद एक्ट्रेस प्रेग्नेंट हैं ये खबर उड़नी शुरू हो गई। अब इन खबरों में कितनी सच्चाई है ये सामने आ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो, कैटरीना कैफ प्रेग्नेंट हैं इसलिए वो लोगों की नजरों से बचने की कोशिश नहीं कर रहीं बल्कि मामला तो कुछ और ही है। ये सभी खबरें झूठी हैं। कैटरीना कैफ के प्रेग्नेंट होने की खबर में कोई सच्चाई नहीं है। अब जो रिपोर्ट सामने आई है उसके मुताबिक, 'कैटरीना प्रेग्नेंट नहीं हैं। उनके किसी पब्लिक इवेंट में न दिखने का कारण उनकी प्रेगनेंसी नहीं बल्कि उनका काम है। दरअसल, इन दिनों एक्ट्रेस अपने काम में बिजी चल रहीं हैं। वर्क कमिटमेंट्स की वजह से उन्हें देश के अलग-अलग शहरों में लगातार ट्रेवल करना पड़ रहा है। इन दिनों वो मुंबई से बाहर हैं। वहीं एयरपोर्ट पर उनके स्पॉट न हो पाने का कारण है उनकी अर्ली मॉर्निंग फ्लाइट।

## जो खेलेगा वही खिलेगा

वाराणसी। पीएम मोदी ने युवा पीढ़ी, खिलाड़ियों में जोश भरते हुए कहा कि खेल को लेकर समाज की सोच बदली है।

आज जो खेलेगा वही खिलेगा। आज क्रिकेट के जरिए दुनिया भारत से जुड़ रही है। नए-नए देश क्रिकेट खेलने के लिए आगे आ रहे हैं। जाहिर है कि आने वाले दिनों में क्रिकेट मैचों की संख्या बढ़ने वाली है। जब मैचों की संख्या बढ़ेगी तो नए स्टेडियमों की जरूरत भी पड़ेगी। तब बनारस का ये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम इस डिमांड को पूरा करेगा। ये पूरे पूर्वांचल का चमकता हुआ सितारा बनने वाला है।

पीएम मोदी ने कहा कि स्टेडियम से रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सरकार ने देश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनायी। अब खेल को लेकर समाज की सोच बदली है।

## खेल जगत के सितारों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शनिवार को गंजारी में अन्तरराष्ट्रीय । स्टेडियम की आधारशिला रखने के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान भारत रत्न सचिन तेंदुलकर ने उन्हे टीम इण्डिया की जर्सी प्रदान की जिसका नम्बर एक था। जर्सी पर नमो लिखा हुआ था। समारोह के दौरान सचिन के अलावा, बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ल, सचिव जय शाह, 1983 विश्वकप विजेता टीम के कप्तान कपिलदेव, सुनील गावसकर, गुंडप्पा विश्वनाथ, दिलीप वेंगसरकर, रवि शास्त्री, करसन घावरी, मदनलाल, गोपाल शर्मा, शुभांगी कुलकर्णी, नीतू डेविड भी मौजूद थे।

इससे पहले सुबह सचिन तेंदुलकर, कपिलदेव सुनील गावसकर, रोजर बिन्नी, जय शाह, रवि शास्त्री, गुडप्पा विश्वनाथ, ने काशी विश्वनाथ धाम में हाजिरी लगाई और जलाभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की। सचिन भोले के दरबार में लाल कुर्ता पहनकर पहुंचे थे। इससे पहले लाल बहादुर अन्तरराष्ट्रीय स्टेडियम में पहुंचने पर सभी खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। अपने सितारों को देखने और उनके साथ फोटो खिचाने के लिए होड़ मची रही।


## चीन में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बिखेरा जलवा, बांग्लादेश को हराकर मेडल किया पक्का



एशियन गेम्स 2023 के सेमीफाइनल में भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को बुरी तरह से मात दी

एशियन गेम्स 2023 के सेमीफाइनल में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपना जलवा बिखेरा है। स्मृति मंघाना की कप्तानी वाली टीम ने नॉकआउट मैच में बांग्लादेश को 8 विकेट से मात देकर फाइनल का टिकट पक्का कर लिया है। इसी के साथ टीम का एक मेडल भी कंफर्म हो गया है। भारतीय टीम अगर फाइनल जीत जाती है तो इतिहास रच देगी। मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम भारतीय गेंदबाजों के आते पस्त नजर आई। पूजा वस्त्राकर ने 4 जबकि तितास साधु, राजेश्वरी गायकवाड़, अमनजोत कौर और देविका वैद्य ने एक-एक विकेट लेकर बांग्लादेश की महिलाओं को 51 रन पर आउट कर दिया, जो कि उनके खिलाफ महिला टी20 का सबसे कम टोटल है। भारत महिला टीम ने जवाब में सलामी बल्लेबाजों स्मृति मंधाना और शैफाली वर्मा के विकेट गंवाने के बावजूद 8.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया और कम से कम रजत पदक पक्का किया। भारत ने मलेशिया के खिलाफ अपने पिछले मैच में शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया था। टी20 मुकाबले को पहले ही छोटा करके प्रति पक्ष 15 ओवर कर दिया गया था, लेकिन मौसम के कारण दूसरी पारी में केवल दो गेंदें ही संभव हो सकीं। अंत में, भारत, जिसने निर्धारित 15 ओवरों में 173/2 का विशाल स्कोर बनाया था, को उनकी बेहतर रैंकिंग के कारण विजेता घोषित किया गया। बांग्लादेश महिला (प्लेइंग इलेवन): शमीमा सुल्ताना, शाति रानी, निगार सुल्ताना (विकेटकीपर/कप्तान), शोभना मोस्टोरी, रितु मोनी, मारुफा एक्टर, नाहिदा एक्टर, शोर्ना एक्टर, फाहिमा खातून, सुल्ताना खातून, राबेया खान। भारतीय महिला (प्लेइंग इलेवन): स्मृति मंधाना (कप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, कनिका आहूजा, ऋचा घोष (डब्ल्यू), दीप्ति शर्मा, देविका वैद्य, अमनजोत कौर, पूजा वस्त्राकर, तितास साधु, राजेश्वरी गायकवाड़।

### चार साल पहले ही खोल दिया था अपनी शादी का 'राज'! बताया था कब और किससे होगी वेडिंग?



बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आप सांसद राघव चड्ढा आज यानी 24 सितंबर को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इस शादी को लेकर जितने एक्साइटेड दोनों कपल्स नजर आ रहे हैं। उतने इस उत्साहित दोनों के फैंस भी हैं। शादी की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। दोनों राजस्थान के खूबसूरत शहर उदयपुर में 'द लीला पैलेस' (The Leela Palace) में सात फेरे लेंगे और हमेशा के लिए एक दूसरे के हो जाएगे। दोनों की शादी को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही थी। ऐसे में अब दोनों का ड्रीम कम ट्रू होने जा रहा है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक्ट्रेस ने 4 चाल पहले ही अपनी शादी का खुलासा कर दिया था। जी हां परिणीति चोपड़ा (Parineeti Chopra Wedding) ने चार साल पहले ही बता दिया था कि उनकी शादी कब और कैसे होगी। साथ ही एक्ट्रेस ने ये भी बताया था कि वो एक 'ज्योतिषी' भी हैं।

## दूसरे वनडे में सीरीज पर कब्जाने उतरेगी टीम इंडिया, दोनों टीमों के हेड-टू-हेड आंकड़े जानें




मोहाली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली दमदार जीत के बाद टीम इंडिया के हौसले बुलंद हैं। इन्हीं बुलंद इरादों के साथ केएल राहुल की टीम इंदौर में कंगारुओं के खिलाफ दूसरे वनडे में उतरेगी, लेकिन होल्कर स्टेडियम में भी मेहमान टीम की कड़ी परीक्षा होगी, क्योंकि इस मैदान पर टीम इंडिया का रिकॉर्ड जबरदस्त है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए ओवरऑल वनडे मैचों की बात की जाए तो कंगारू टीम का पलड़ा भारी है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक 147 मैच खेले गए। इनमें से कंगारुओं ने 82 और टीम इंडिया ने 55 मुकाबले जीते हैं। इस दौरान 10 मैचों का परिणाम नहीं निकला। वहीं दोनों टीमों के बीच अब तक कोई भी वनडे टाई नहीं रहा।

दूसरी तरफ, ऑस्ट्रेलिया के लिए यह करो या मरो वाला मुकाबला है। अगर कंगारू टीम इस मैच में जीत दर्ज करती है तो वह सीरीज में बनी रहेगी नहीं तो उसके हाथ से श्रृंखला फिसल जाएगी। मौजूदा समय में दोनों देशों के बीच खेली जा रही एकदिवसीय सीरीज में भारत 1-0 से आगे है। 22 सितंबर को मोहाली में हुए पहले मैच में टीम इंडिया ने मेहमानों को 5 विकेट से धूल चटाई।

इस बार भारत के पास अपने घर में कंगारुओं के खिलाफ 3 साल बाद सीरीज जीतने का सुनहरा मौका है। वैसे भी भारत अपनी धरती पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 साल से वनडे सीरीज जीत नहीं पाया है। टीम इंडिया ने मेहमानों के खिलाफ अपनी सरजमीं पर आखिरी बार 2019-20 में एकदिवसीय सीरीज जीती थी। तब 3 मैचों की सीरीज में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से पटखनी दी। इसके बाद टीम इंडिया को अपने घर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2020-21 और 2022-23 में वनडे सीरीज में हार झेलनी पड़ी। साल 2020-21 में वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 2-1 से हराया, जबकि 2022-23 में कंगारू टीम इतने ही अंतर से सीरीज जीतने में सफल रही।

## बॉक्स ऑफिस पर फिर जवान की धूम, 17वें दिन शाहरुख खान की फिल्म ने बटोरे इतने करोड़



बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म 7 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बेहद शानदार ओपनिंग की और पहले दिन ही 75 करोड़ का शानदार कारोबार कर लिया। इस बीच हम आपको किंग खान की फिल्म के 17वें दिन के कलेक्शन के बारे में बताने जा रहे हैं। चलिए जान लेते हैं कि शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' ने अपनी रिलीज के 17वें दिन बॉक्स ऑफिस पर कितनी की है। जवान' ने अपनी रिलीज के 17वें दिन किया इतना कारोबार की रिपोर्ट के शुरुआती आकंड़ो के मुताबिक फिल्म 'जवान' ने अपनी रिलीज के 17वें दिन सभी भाषाओं में 13.00 करोड़ की भारतीय कमाई की है। हालांकि ये इस फिल्म के अनुमानित आंकड़े हैं। ऑफिशियल नंबर आने के बाद इनमें थोड़ा-बहुत बदलाव हो सकता है।

इसके साथ ही अब फिल्म का कुल कलेक्शन अब 546.58 करोड़ का कारोबार कर लिया है।

### पानी पीने के तरीके से भी हो सकती हैं बीमारियां! क्या है सही

अक्सर हम बड़ों के मुंह से सुनते हैं कि खड़े होकर कभी पानी नहीं पीना चाहिए। लेकिन कई लोगों को आदत होती है ना सुनकर भी अनसुना कर देना और कभी याद भी हो तो समय की कमी के कारण पानी बैठकर नहीं पी पाते हैं। फिर जल्दी जल्दी में खड़े होकर पानी पी लेते हैं। लेकिन इसके पीछे भी वजह है। जब हम खड़े होकर पानी पीते हैं तो पेट भर जाता है लेकिन प्यास नहीं बुझती है। क्योंकि पानी तेजी से पेट में जाकर पाचन पर बुरा असर पड़ सकता है। यहां तक कि डॉक्टर भी बोलते हैं कि बैठ कर पानी पीना चाहिए। अगर हम सिप सिप कर पानी पीते हैं तो हमारे ग्लैडस हैं जो पानी की प्यास को शांत करते हैं वो हमारे मुंह के अंदर होते हैं।

# मोटी सैलरी के चक्कर में फजीहत करा रहीं लड़कियां; ओमान से वतन वापस लौटी तो फूट पड़ीं

**पंजाब/ कपूरथला:** रोजी-रोटी कमाने के इरादे से ओमान के मस्कट में जाकर फंसी और अब राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल के प्रयासों से भारत वापस लौट चुकी लड़कियों ने वहां के हालात बयां किए हैं। उन्होंने बताया कि ट्रैवल एजेंट किस तरह भारी वेतन देने का लालच देकर लुभाते हैं और फिर वहां यातनाएं झेलने के लिए छोड़ दिया जाता है। बता दें कि राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल के प्रयासों से अरब देशों से अब तक 38 लड़कियों को वापस लाया जा चुका है। इन्हीं में से पांच लड़कियों (जालंधर, फिरोजपुर, मोगा और कपूरथला जिलों से संबंध रखती) ने शनिवार को कपूरथला जिले के सुल्तानपुर लोधी में स्थित निर्मल कुटिया में अपना दुख व्यक्त किया है और अपील की कि माता-पिता



राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल के प्रयासों से अरब देशों से अब तक 38 लड़कियों को लाया जा चुका वापस

अपनी बेटियों को अरब देशों में न भेजें। जालंधर जिले की एक लड़की ने बताया कि वह पिछले 8 महीने से ओमान में थी। वहां उससे घरेलू काम कराया जा रहा था, लेकिन जब बीमार पड़ी तो उसे वहां प्रताड़ित किया गया और उसका इलाज नहीं किया जा रहा था। उसी की तरह अभी भी कई लड़कियां और वहां फंसी हुई हैं। ट्रैवल एजेंट उन्हें वापस भेजने के लिए 3 से 5 लाख रुपए की मांग कर रहे थे। पंजाब की एक लड़की को भी मारने की कोशिश की गई। फिरोजपुर की रहने वाली लड़की ने बताया कि ट्रैवल एजेंट ने उसे दुबई के एक मॉल में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया था। 35 से 40 हजार रुपए देने का वादा किया था, लेकिन कुछ दिन दुबई में रखने के बाद मस्कट भेज दिया गया। वहां उससे घरेलू काम कराया जाता था। उसे बहुत कम वेतन दिया जाता था और हमेशा जान से मारने की धमकी दी जाती थी। इसी तरह जालंधर की एक अन्य लड़की ने कहा कि 1 लाख 60 हजार रुपए का भुगतान करने के बावजूद उसके एजेंट उसे वापस नहीं भेज रहे हैं। उल्टे वहां उनके खिलाफ झूठा मामला दर्ज कर दिया गया। मस्कट में भारतीय दूतावास को धन्यवाद देते हुए, पर्यावरणविद् और राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल ने लोगों से उनके द्वारा बनाए गए इस जाल से सावधान रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जब तक लोग जागरूक नहीं होंगे, ये सब नहीं रुकेगा। उन्होंने कहा कि 23 अगस्त से अब तक लगभग 15 लड़कियां भारत सरकार और दूतावास के अधिकारियों के सहयोग से अरब देशों से लौट आई हैं। इनमें से 13 मस्कट से और 2 इराक से हैं। लौटी लड़कियों में 2 लड़कियां पश्चिम बंगाल, मुंबई, गुजरात और केरल से लौटी हैं।

## दिल्ली सरकार को सुप्रीम कोर्ट का समर्थन, ग्रीन पटाखों के उत्पादन और बिक्री पर लगी रहेगी रोक



सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को अपना समर्थन देते हुए, हरित पटाखों के उत्पादन और बिक्री पर रोक लगा दी है। पटाखों के इस्तेमाल पर दिल्ली सरकार के प्रतिबंध का समर्थन करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, इसके साथ ही कोर्ट ने बेरियम का उपयोग करके पटाखों के निर्माण और उपयोग की मांग करने वाली याचिका को भी खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि साल 2018 में पटाखों पर लगाए गए प्रतिबंधों को सभी प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा विधिसम्मत लागू किया जाएगा। बता दें कि पिछले हफ्ते जस्टिस एएस बोपन्ना और एमएम सुंदरेश की पीठ ने मामले की विस्तार से सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। शुक्रवार को याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल शंकर नारायणन ने अदालत से मामले को जल्द सूचीबद्ध करने का आग्रह किया, जिस पर पीठ ने जवाब दिया, हम केवल हैप्पी दिवाली ही कह सकते हैं। अदालत ने कहा कि यह आदेश केवल तमिलनाडु फायरवर्क्स एंड एमोर्सेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के तहत संयुक्त रूप से प्रतिनिधित्व करने वाले निर्माताओं के आवेदन तक ही सीमित है।

## कोरोना से भी घातक है लाइलाज एक्स, महामारी फैली तो जा सकती है 20 मिलियन से अधिक लोगों की जान

दुनियाभर के स्वास्थ्य विशेषज्ञ आशंकित महामारी एक्स को देखते हुए चिंता में है। महामारी एक्स को लेकर कहा जा रहा है कि यह कोरोना से काफी घातक है। डब्ल्यूएचओ की ओर से कहा गया है कि आशंका है कि यह कभी भी दस्तक दे सकती है। इस बीमारी से निपटने के लिए तेजी से टीके विकसित करने की जरूरत है। इसके विनाशकारी प्रभाव कोरोना से कहीं अधिक हैं।
इसलिए कोई गारंटी नहीं है कि कोविड की तरह जल्दी इसका कोई तोड़ निकल पाएगा। कोविड भी एकदम से आया था। दुनिया इसके लिए जरा सी भी तैयार नहीं थी। कोविड काल में मई से दिसंबर के बीच यूके के वैक्सीन टास्कफोर्स के अध्यक्ष रहे केट बिंघम की ओर से काफी बातें इस संबंध में कही गई हैं। वे कोविड को बड़ी, लेकिन अब रेगुलर बीमारी मान रहे हैं।
1918 में दुनियाभर में फ्लू महामारी फैली थी। जिसके कारण लगभग 50 मिलियन लोग मारे गए थे। जो फर्स्ट वर्ल्ड वॉर से दोगुने हैं। आज दुनिया के लिए कई वायरस चिंता बने हुए हैं। जो कोई एक नहीं, काफी अधिक मात्रा में हैं। हालांकि सभी मानव जाति के लिए खतरा नहीं हैं। लेकिन ये धरती पर दूसरे जीवों के मुकाबले अधिक हैं।
वैज्ञानिक अभी 25 वायरस के बारे में ही पूरी तरह जान पाए हैं। हर वायरस फैमिली में इनके अलग-अलग स्वरूप हैं, जो महामारी फैलाने में मददगार बन सकते हैं। केट ने कहा कि धरती पर दस लाख तक वायरस हो सकते हैं। लाखों लोगों को मारने के साथ ही ये आसानी से एक से दूसरी प्रजाति में मिल सकते हैं।
कोविड को लेकर एक बात सही रही थी। बेशक इस महामारी ने 20 मिलियन से अधिक लोगों की जान ली। लेकिन इस बीमारी से ग्रस्त अधिकांश लोग ठीक होने में भी कामयाब रहे। एक्स वायरस इबोला और खसरे जितना घातक है। जिनमें मौत की दर 67 फीसदी तक रहती है। महामारी फैलने के 3 मुख्य कारण हैं। वनों की कटाई, तेजी से बढ़ती आबादी औ वैश्वीकरण। जिसके कारण वायरस अधिक फैले हैं। इनसे निपटने के लिए धरातल पर काम करने की जरूरत है। इससे निपटने के लिए हमें खर्च की सीमाओं को देखने की जरूरत नहीं है। कोविड फैला तो लगभग दुनियाभर में 16 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान दुनिया को उठाना पड़ा था।

## ABVP ने प्रेसिडेंट समेत तीन सीटों पर जमाया कब्जा, अमित शाह ने दी बधाई

**दिल्ली** विश्वविद्यालय छात्र संघ (DUSU) चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) ने अध्यक्ष के साथ केंद्रीय पैनल की चार सीटों में से तीन पर भारी वोटो से जीत दर्ज की है। एबीवीपी के तुषार डेढ़ा को प्रेसिडेंट के लिए चुना गया है, उन्होंने ये जीत 23460 भारी वोटों के साथ दर्ज की है। जबकि, कांग्रेस समर्थित नेशनल स्टूडेंट्स ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के अभि दहिया ने 22331 वोटो के साथ उपाध्यक्ष के पद के लिए जीत दर्ज की है।



### ABVP ने प्रेसिडेंट समेत तीन सीटों पर जमाया कब्जा

इसके अलावा एबीवीपी की अपराजिता ने 24534 वोट हासिल कर सचिव पद हासिल किया। वहीं, एबीवीपी के ही सचिन बैसला 24955 वोट हासिल कर डूसू के संयुक्त सचिव पद पर निर्वाचित हुए। डूसू चुनाव में भारी जीत पर ग्रह मंत्री अमित शाह ने एबीवीपी और उनके कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत राष्ट्रहित को सर्वप्रथम मानने वाली विचारधारा में युवा पीढ़ी के विश्वास को दर्शाती है। ग्रह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के चुनाव में एबीवीपी को मिली प्रचंड जीत पर परिषद् के सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई। यह जीत राष्ट्रहित को सर्वप्रथम मानने वाली विचारधारा में युवा पीढ़ी के विश्वास को दर्शाती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि परिषद् के कार्यकर्ता युवाओं में स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों और राष्ट्रवाद की भावना को जागृत रखने के लिए निरंतर संकल्पित भाव से कार्य करते रहेंगे।

## जस्टिन के पिता का भी सख्त रहा रवैया, आखिर क्यों भारत के खिलाफ बेरुखी दिखाता है ट्रूडो परिवार?



खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप निज्जर की हत्या के बाद से लगातार भारत और कनाडा में संबंध खराब हो रहे हैं। निज्जर की हत्या में भारत का हाथ बताने के कनाडाई पीएम के बयान के बाद से तनाव चरम पर है। लेकिन गौर से देखें तो संबंध आज से ही खराब नहीं हुए। जस्टिन ट्रूडो के पिता भी जब कनाडा के पीएम थे, तब भी भारत के संबंध ठीक नहीं थी। ट्रूडो के पिता पियरे एलिएट ट्रूडो कनाडा के 15वें प्रधानमंत्री थे, जो 1971 की शुरुआत में भारत दौरे पर आए थे। पांच दिन के दौरे के समय भारत की पीएम इंदिरा गांधी थीं। यहां पियरे ने ऊंट की सवारी करने के साथ ही ताजमहल का दीदार किया था। गंगाघाट का निरीक्षण भी किया। लेकिन असल में भारत के साथ कनाडा की तल्खी का कारण परमाणु परीक्षण था। कोई खालिस्तानी मुद्दा नहीं। दरअसल भारत ने कनाडा से कनाडा ड्यूटेरियम यूरेनियम रिएक्टर यानी CANDU Reactor हासिल किया था। जिसके लिए शर्त थी कि इसका उपयोग शांति के काम में किया जाएगा। लेकिन बाद में यही मशीन भारत और कनाडा में विवाद का कारण बन गई। क्योंकि इस रिएक्टर से परमाण ऊर्जा उत्पन्न की जाती है। भारत जैसे विकासशील देशों को इसकी काफी जरूरत थी। लेकिन उत्पादन इकाइयों की कमी के कारण यूरेनियम के साथ प्लूटोनियम भी मंगवाया गया। भारत की मदद अमेरिका और कनाडा ने की, जो सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम में भारत के साथी बने। कई और परमाण कार्यक्रमों में दोनों की साझेदारी हुई। इसके तहत ही CIRUS न्यूक्लियर रिएक्टर की शुरुआत भी 1960 में कर दी गई। कनाडा ने इसमें सहयोग दिया और भारत की ओर से अगुआई होमी जहांगीर भाभा की ओर से की गई। इसी दौरान कनाडाई पीएम पियरे की ओर से कहा गया कि यह कार्यक्रम सिर्फ शांति के लिए है। अगर भारत कोई परमाण परीक्षण करेगा तो कनाडा कार्यक्रम को सस्पेंड कर देगा। एक रिपोर्ट के अनुसार पियरे के दौरे को सिर्फ 3 साल ही बीते थे। उसके बाद 1974 में भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण कर दिया। जिसके बाद कनाडा ने परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम से हाथ खींच लिए थे। लेकिन भारत ने शांति का हवाला देकर परमाणु परीक्षण की बात कही थी। कहा था कि कोई भी उल्लंघन समझौते को लेकर नहीं किया गया है। कनाडा में कुल आबादी में फिलहाल सिख 2 परसेंट है। 1980 में पंजाब में उग्रवाद फैला, तो कई आतंकी पंजाब में थे। एक आतंकी तलविंदर सिंह परमार 1981 में कनाडा भाग गया था। उसके खिलाफ दो पुलिसवालों के मर्डर का आरोप था। भारत ने कनाडा से उसको सौंप देने की गुहार लगाई थी। लेकिन पियरे की सरकार ने मना कर दिया था। भारत ने खुफिया रिपोर्ट के आधार पर एक जून 1985 को एक विमान पर हमला होने की योजना के बारे में बताया था। जिसमें खालिस्तानी आतंकियों का जिक्र था, जो अटैक करने वाले थे।कनाडा ने अपने सभी अधिकारी रिएक्टरों से वापस बुला लिए थे। कई वर्ष बीत गए। कनाडा के साथ रिश्ते कुछ सामान्य तब हुए, जब पीएम मनमोहन सिंह 2010 में कनाडा गए थे। यहां दोनों देशों के बीच परमाण समझौते को लेकर सिग्नेचर हुए थे। लेकिन इसके बाद तल्खी रिश्तों में तब आई, जब कनाडा ने अपने देश में रह रहे खालिस्तानी आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई से इन्कार कर दिया था। लगातार 1970 के बाद से कनाडा में सिखों की तादाद लगातार बढ़ती जा रही है। लेकिन भारत की सुरक्षा मांग पर कनाडा ने गौर नहीं किया। इसके बाद 23 जून 1985 को एयर इंडिया के कनिष्क विमान में टोरंटो से लंदन जाते समय विस्फोट किया गयाथा।जिसमें 329 लोग मारे गए थे। अधिकतर लोग कनाडा के थे। आरोप परमार पर लगे, लेकिन ट्रूडो ने उसको बचा लिया। हालांकि परमार 1992 में पंजाब में पुलिस के हत्थे चढ़ गया था।

## क्यों है बिल में OBC कोटा विवाद, सिर्फ 33 प्रतिशत सीटें ही क्यों आरक्षित?

महिला आरक्षण बिल 2023, नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद के दोनों सदनों में पास हो गया है, जिसे अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद, परिसीमन और जनगणना करके इसे लागू किया जाएगा, जिसमें अभी करीब 3 से 4 साल का समय लगेगा। वहीं बिल को लेकर इससे भी ज्यादा जरूरी बात है, इसमें कोटे को लेकर छिड़ा विवाद? बिल में SCST कैटेगरी की महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया है, लेकिन पिछड़ी जातियों OBC कोटे को लेकर विवाद छिड़ा है और बसपा ने 33 नहीं 50 फीसदी आरक्षण की मांग की है। वहीं फारूक अब्दुल्ला ने मुस्लिम महिलाओं के लिए भी ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि आखिर OBC कोटा विवाद क्यों है और 33 प्रतिशत सीटों के आरक्षण का ही प्रावधान क्यों किया गया. लोकसभा और राज्यसभा में चर्चा के दौरान महिला आरक्षण बिल में OBC महिलाओं को भी कोटा दिए जाने की मांग की गई, ताकि इस पिछड़े वर्ग की महिलाओं का भी राजनीतिक उत्थान हो पाए। अब से पहले 8 बार संसद में बिल पास न होने का कारण भी यही कोटा था। इस मुद्दे को राज्यसभा में कांग्रेस सांसद रंजीता रंजन ने उठाया था। उन्होंने कहा था कि अगर बिल में पिछड़े वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं होगा तो यह उनके साथ नइंसाफी होगी। ऐसे में देश की 60 प्रतिशत OBC आबादी के लिए बिल में संशोधन अवश्य किया जाना चाहिए। देश को पहला OBC प्रधानमंत्री भाजपा से आया। सरकार में 27 मिनिटर इसी समुदाय से हैं। 303 लोकसभा सांसदों में से 85 यानी 29% सांसद OBC हैं। देश में भाजपा के 1358 विधायकों में से 27% OBC हैं तो OBC महिलाओं को आरक्षण देने में भाजपा सरकार को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। महिला आरक्षण बिल को लेकर एक और बड़ा सवाल उठाया जा रहा है कि आखिर 33 फीसदी यानी एक तिहाई आरक्षण ही क्यों, 50 फीसदी क्यों नहीं, जबकि देश में समानता का अधिकार लागू हैं तो इसका जवाब 3 तर्कों के आधार पर राजनीतिज्ञ माहिरों ने दिया है। पहला सरकारी संस्थानों में महिलाओं की मौजूदगी, खासकर पुलिस विभाग में, महिलाओं के होने से भ्रष्टाचार और हिंसा खत्म होता है। पुलिस विभाग में महिलाएं होने से पीड़िताओं का हौंसला बढ़ता है, लेकिन क्योंकि पुलिस विभाग में पुरुषों का होना भी अनिवार्य है, इसलिए समाज के इस महत्वपूर्ण में विभाग में महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के लिए 33 फीसदी आरक्षण दिया गया। दूसरा तर्क यह है कि एक रिसर्च के अनुसार, जब किसी संस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती है तो वर्किंग पर उसका प्रभाव पड़ने लगता है, इसलिए 33 फीसदी आरक्षण दिया गया। तीसरा तर्क यह दिया जा रहा है कि आरक्षण मिलने से सरकारी संस्थानों में महिलाओं के काम करने से जुड़ रुढ़िवादी सोच खत्म होगी। पुरुषों का कहना है कि महिलाएं अच्छी नेता नहीं हो सकतीं। वे राज नहीं कर सकतीं। राजनीतिक दांव पेंच समझकर उनसे बाहर निकलकर नियम कानून नहीं बना सकतीं। ऐसे में जब राजनीति में महिलाओं को काम करते, नेतृत्व करते पुरुष देखेंगे तो उनकी महिलाओं को लेकर गलतफहमी खत्म हो जाएगी। 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान इसलिए किया गया है, ताकि राजनीति में महिलाओं को काम को आजमाया जा सके और उनको लेकर पुरुषों की मानसिकता बदली जा सके। अगर यह प्रयास सफल हुआ। महिलाओं ने नेशनल स्तर पर

## पाकिस्तान को भारत ने यूएनजीए में कश्मीर मुद्दे पर मुंहतोड़ जवाब दिया

वाशिंगटन (एजेंसी)। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा(यूएनजीए) में आतंकवाद के मुद्दे पर फिर एक बार पाकिस्तान को घेरा । यमएनजीए में पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवार उल हक काकड़ द्वारा अपने संबोधन के दौरान कश्मीर का मुद्दा उठाए जाने के बाद भारत ने करारा जवाब देते हुए कहा कि दुनिया में सर्वाधिक संख्या में प्रतिबंधित आतंकवादी संस्थाओं को 'पनाह और संरक्षण' मुहैया कराने वाले देश को 'तकनीकी कुतर्क' करने के बजाय 26/11 मुंबई हमले के अपराधियों के खिलाफ विश्वसनीय कार्रवाई करनी चाहिए। काकड़ ने यमएनजीए में के 78वें सत्र की आम बहस के दौरान कश्मीर का मामला उठाया था। इसके बाद, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव पेटल गहलोत ने यमएनजीए में भारत के जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए कहा, पाकिस्तान ने दुनिया में सबसे अधिक संख्या में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित आतंकवादी संस्थाओं एवं आतंकवादियों को पनाह और संरक्षण मुहैया कराया है। हम पाकिस्तान से मांग करते हैं कि वह तकनीकी कुतर्क में शामिल होने के बजाय मुंबई में हुए उन आतंकवादी हमलों के अपराधियों के खिलाफ विश्वसनीय कार्रवाई करे, जिनके पीड़ित 15 साल बाद भी न्याय मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

### नापाक हरकत से बाज नहीं आ रहा पाक

उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया में शांति स्थापित करने के लिए पाकिस्तान को तीन स्तर पर कार्रवाई करने की जरूरत है। गहलोत ने कहा, सबसे पहले, सीमा पार आतंकवाद पर रोक लगाएं और आतंकवाद के इस बुनियादी ढांचे को तत्काल बंद करें। दूसरी बात, अवैध और जबरन कब्जे वाले भारतीय क्षेत्रों को खाली करें और तीसरी बात, पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का लगातार हो रहागंभीर उल्लंघन बंद करें। काकड़ ने कहा था कि पाकिस्तान, भारत सहित अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ शांतिपूर्ण और उपयोगी संबंध चाहता है। उन्होंने कहा था, पाकिस्तान और भारत के बीच शांति के लिए कश्मीर अहम है। गहलोत ने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश भारत के अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्रशासित प्रदेशों संबंधी मामले भारत के पूरी तरह से आंतरिक मामले हैं। हमारे घरेलू मामलों पर टिप्पणी करने का पाकिस्तान को कोई अधिकार नहीं है। युवा भारतीय राजदूत ने कहा कि खासकर, अल्पसंख्यकों एवं महिला अधिकारों के मामले में दुनिया में सबसे खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड वाले देश के तौर पर पाकिस्तान के लिए यह अच्छा होगा कि वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश पर उंगली उठाने के बजाय अपने घर में चीजें दुरुस्त करे।

## चीन की उपग्रह लॉन्चिंग फेल

बीजिंग एजेंसी। चीन की राजधानी बीजिंग स्थित गैलेक्टिक एनर्जी 'का अपने सेरेस-1 रॉकेट के लिए नौ सफल लॉन्च मिशनों का विजयी रिकॉर्ड गुरुवार को समाप्त हो गया। इससे संभावित रूप से चीन के दुनिया के सबसे बड़े पृथ्वी अवलोकन उपग्रह नेटवर्क जिलिन-1, के विस्तार में देरी हो रही है। इसका नवीनतम रॉकेट उच्च-रिज़ॉल्यूशन इमेजिंग उपग्रह को कक्षा में भेजने में विफल रहा। कंपनी ने गोबी रेगिस्तान में जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से बीजिंग समयानुसार दोपहर 12:59 बजे उड़ान भरने के छह घंटे बाद यह घोषणा की।

## इंटरनेट सेवा बहाल

इंफाल। मणिपुर में 3 मई को भड़की हिंसा के बाद जहां कई बार रुक-रुक कर बवाल होते रहे वही कई बार इंटरनेट सेवाएं भी बंद रही। हालांकि कई क्षेत्रों में अभी भी तनाव व्याप्त है और बीते दिनों कई अप्रिय घटनाएं भी हुई जबकि मुख्यमंत्री एन वीरेन सिंह ने शनिवार को इंटरनेट सेवाओं के बहाल होने की जानकारी एन वीरेन ने कहा कि राज्य में 3 में को जाती हिंसा भड़काने के बाद निलंबित की गई इंटरनेट सेवाओं को आज से बहाल किया जा रहा है और इसी के साथ उन्होंने मुक्त आवाजाही व्यवस्था को भी रद्द करने की अपील की दरअसल मुक्त आवाज आई व्यवस्था के तहत भारत और म्यांमार की सीमा के करीब रहने वाले लोग बिना किसी डॉक्यूमेंट के एक दूसरे के क्षेत्र में 10 किलोमीटर अंदर तक आ जा सकते हैं , इसकी जानकारी अनुमति दी गई है

# पवई विकासखंड सभागार में आजादी का अमृत महोत्सव




**आजमगढ़।** पवई विकास खंड सभागार में मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव इसमें उपस्थित रहे खंड विकास अधिकारी बाबूराम पाल ADO पंचायत पारसनाथ यादव एवं यूनियन बैंक पवई के शाखा प्रबंधक इंदल कुमार सिंह द्वारा नई योजनाओं की भी जानकारी दी गई। एवं महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती कालवासी देवी एवं राष्ट्रीय आजीविका मिशन के ब्लॉक मिशन मैनेजर सुशील कुमार पांडे शिक्षा विभाग से विजय कुमार यादव आदि लोगों साथ विजय कुमार विश्वकर्मा हरिराम पांडे मुन्ना पासवान आदि लोगों ने भाग लिया आजादी के अमृत महोत्सव में मुख्य अतिथि भाजपा के मंडल अध्यक्ष श्री राम मनी यादव के द्वारा किया गया। जिसमें सभी लोगों ने काफी हर्षो उल्लास के साथ मनाया।

## साइबर सेल के पुलिस कर्मियों को साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए दिया गया प्रशिक्षण

आजमगढ़। दिन रविवार को साइबर सेल मे नियुक्त मुख्य आरक्षी मुकेश कुमार भारती, आरक्षी सतेंद्र यादव, आरक्षी राहुल सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक यातायात आजमगढ़ नोडल अधिकारी साइबर अपराध की अध्यक्षता मे पुलिस लाइन्स सभागार आजमगढ़ में साइबर जागरूकता के तहत प्रशिक्षण कराया गया जिसमें साइबर अपराधों पर नियंत्रण करने के लिये जनपद में थानों पर गठित होने वाले साइबर सेल पर नियुक्त पुलिस कर्मियों जिसमें निरीक्षक, उ0नि0, मुख्य आरक्षी, आरक्षी स्तर के अधिकारी / कर्मी हैं, को प्रशिक्षण प्रदान कर उनके कार्यो से अवगत कराया गया.

साइबर फ्राड करने वालों, उनकी मदद में अपना बैंक खाता उपलब्ध कराने वालों के विरूद्ध कैसे वैधानिक कार्यवाही की जाए, फ्राड में संलिप्त मोबाइल फोन व खातों को कैसे सीज किया जाए और पीड़ित व्यक्ति का पैसा अपराधी के पास जाने से कैसे रोका जाए तथा उस पैसे को पीड़ित व्यक्ति तक वापस कैसे पहुंचाया जाए

## मुठभेड़ में पिता-पुत्र हत्याकांड का मुख्य आरोपी घायल, गिरफ्तार

आजमगढ़ । महराजगंज थाना के सरदहा बाजार में बुधवार की सुबह कपड़ा व्यवसायी रशीद व उसके पुत्र शोएब की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। आधा दर्जन भर बदमाशों ने तीन मिनट तक मृतक की दुकान पर चढ़ कर तांडव मचाया था। इस हत्याकांड में दिनेश, निर्मला, पवन, पंकज व प्रदीप नामजद किये गए थे। महाराजगंज थाना क्षेत्र के शिवपुर-चपरी गांव के बीच शनिवार की भोर में लगभग 4:30 बजे पुलिस व बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। घायल अस्पताल में भर्ती कराया है।

# आजमगढ़ महोत्सव के अन्तर्गत श्रीअन्न (मिलेट्स) व्यंजन प्रतियोगिता




आजमगढ़। आजमगढ़ महोत्सव-2023 के अन्तर्गत शुक्रवार को हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ में श्रीअन्न (मिलेट्स) व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, आकांक्षा समिति रूचि अग्रवाल एवं विभा गोयल के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न स्थानों के 26 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पूनम गौड़ को प्राप्त हुआ, जिन्होनें श्रीअन्न के उपयोग से केक एवं कबाब व्यंजन तैयार किया था। पुरस्कार में रूपये 2100 नकद एक ट्राफी तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। बाजरे की बर्फी तैयार करने वाली अनामिका प्रजापति को निर्णायक मण्डल ने द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया, जिसमें रूपये 1100 नकद एक ट्राफी तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मीरा गुप्ता को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया जिसमें रूपये 1000 नकद एक ट्राफी तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सान्त्वना पुरस्कार क्रमशः अंशिका मौर्या, उमा प्रजापति तथा सीमा यादव को प्रदान किया गया। शेष सभी प्रतिभागियों को प्रतिभाग प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर आकांक्षा समिति की उपाध्यक्ष संध्या गुप्ता (मुख्य राजस्व अधिकारी आजमगढ़ की पत्नी) के द्वारा फीता काटकर प्रतियोगता का शुभारम्भ किया गया। उक्त अवसर पर निर्णायक मण्डल में माधुरी सिंह समाज सेविका एवं माधुरी रसोई की संस्थापिका एवं देवाशीष रॉय हेड शेफ गोल्डन फार्चुन होटल उपस्थित थे। प्रतियोगिता के प्रारम्भ में दीपक कुमार श्रीवास्तव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आजमगढ़ ने मंच का संचालन करते हुए सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता की नियम व शर्तें बताई गई, जिसमें प्रदर्शन एवं स्वाद पर मूल्यांकन कर अंक दिये गये। निर्णायक मण्डल के समस्त सदस्य तथा श्रवण कुमार मिश्र, सहायक आयुक्त (खाद्य) आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ एवं सुशील कुमार मिश्र, अभिहित अधिकारी, आजमगढ़ ने प्रत्येक प्रतिभागी के पास जाकर प्रतिभागियों से व्यंजन के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा उसका मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में इं0 कुलभूषण सिंह प्रवक्ता राजकीय पॉलिटेक्निक आजमगढ़ तथा सहायक आयुक्त (खाद्य) आजमगढ़ मण्डल ने श्रीअन्न के उपयोग की विधि एवं उसके लाभ पर प्रकाश डाला। उपस्थित प्रतिभागियों में से कई प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता के आयोजन पर खुशी जाहिर की तथा अपने विचारों में मिलेट्स के उपयोग की शपथ ली। उक्त मेले के आयोजन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राकेश कुमार शुक्ला, रामबुझावन चौहान, रामचन्द्र यादव, प्रेमचन्द्र, कीर्ति आनन्द, संजय कुमार सिंह, अंकित कुमार सिंह, लालमणि यादव, अमर नाथ एवं संदीप कुमार, अनिल कुमार, भरत तथा विवेक सिंह यादव ने अपना उल्लेखनीय योगदान दिया।

## ग्रुप कैप्टन ने किया वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण

आजमगढ। कोयलसा स्थित जीएसएस पीजी कॉलेज एवं उद्योग इंटर कॉलेज के संयुक्त कैम्पस में 99 यूपी बटालियन एन सी सी के तत्वावधान में चल रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-320) में शुक्रवार को वाराणसी 'बी' ग्रुप से ग्रुप कैप्टेन दीपक काशीनाथ नेरकर ने निरीक्षण कर कैम्प के संचालन का अवलोकन किया। 16 सितम्बर से 25 सितम्बर तक चलने वाले इस शिविर में, बटालियन के क्षेत्र में आने वाले कॉलेजों और विभिन्न ज़नपदों के लगभग 400 छात्र छात्रायें प्रतिभाग करने के साथ ही इंटर ग्रुप कम्पटीशन की तैयारियों का प्रशिक्षण भी प्राप्त कर रहे हैं, जहाँ सक्षम सैन्य अधिकारियों द्वारा उनके ड्रिल और सांस्कृतिक प्रदर्शन के आधार पर चयन किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान ग्रुप कैप्टेन ने इंटर ग्रुप कम्पटीशन की तैयारियों के साथ ही राशन स्टोर रूम, कोत, मेस, कैम्प कमांडेंट ऑफिस, लिविंग एरिया, ट्रेनिंग एरिया, कुक हाउस, फायरिंग रेंज, ऑब्स्टकल और कैडेट्स के रहने, खाने की व्यवस्था का अवलोकन किया कैंप कमांडेंट एवं सह्युक्त एनसीसी अधिकारियों के साथ कैडेट्स से भी कैम्प की गतिविधियों के बारें में फीडबैक लिया। अपने निरीक्षण में कैम्प के संचालन व्यवस्था तथा साफ सफाई से वह पूर्ण संतुष्ट नज़र आये, साथ ही 99 यूपी बटालियन के अधिकारीगणों को कैम्प में ट्रेनिंग एवं प्रशासनिक व्यवस्था के उच्च स्तर को बनाये रखने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि कैम्प में प्रशिक्षण, खान-पान एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्था के उच्च मानक स्तर बनाये रखने के लिए 99 यूपी बटालियन के अधिकारीगण न केवल प्रशंसा के पात्र हैं अपितु दूसरे बटालियनों को भी इसका अनुकरण करना चाहिए। इस अवसर पर एसएम, विभिन्न विद्यालयों के सहयुक्त एनसीसी अधिकारी, जेसीओ, एनसीओ और पीआई स्टाफ मौजूद रहा।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक प्रशांत यादव सह-संपादक अजय यादव, ग्राम शाहराजा, पोस्ट माहुल खास, माहुल, आजमगढ़ 2 2 3 2 2 5 (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित व मीडियाटेक्स्ट प्राइवेट लिमिटेड आराजी संख्या 68, मौजा गोविंदपुर, जीटी रोड रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित । आरएनआई नंबर U P H I N 5 1 0 9 1 इस सामाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय छेत्र आजमगढ़ होगा
मोबाइल नम्बर 9621335155**

## श्री दुर्गा पूजा व राम जानकी रामलीला समिति की एक बैठक संपन्न

माहुल, आजमगढ़। क्षेत्र के गनवारा गाँव में गुरुवार देर शाम श्री दुर्गा पूजा व राम जानकी रामलीला समिति की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमे 15 अक्टूबर से यहां पर होने वाली रामलीला और दुर्गापूजा को ऐतिहासिक और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रामलाल मौर्य ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए अमित कुमार सिंह ने कहा कि इस बार की दुर्गापूजा और रामलीला पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए संपन्न होगी। इसमें हर दिन इसे रक्षित करने का संदेश लोगो को दिया जाएगा। इसके लिए समिति के सदस्य और कलाकार आज से ही प्रयास शुरू कर दें। अमित कुमार सिंह ने यह भी कहा कि गनवारा की रामलीला लगभग सौ वर्ष से निरंतर चली आ रही। इस वर्ष यह भव्य और ऐतिहासिक होगी। इस अवसर पर समिति के प्रबंधक रामफेर यादव, संतोष सिंह, दयाशंकर मौर्य, रानू राजभर, अरुण कुमार सिंह आदि रहे।

## स्वच्छता मिशन में ग्रामीणों को इकट्ठा कर नदारत रहे जिम्मेदार

**औरैया ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन ग्राम पंचायत के सभी संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान योजना में जिम्मेदार मिशन को पलीता लगा रहे हैं, बुधवार को ग्राम पंचायत सराय टड़वा के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों में उत्साह दिखा मगर जिम्मेदारों की गैर मौजूदगी से लोगों में मायूसी दिखी योजना के तहत ग्राम पंचायत में शुद्ध पेयजल एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता अभियान के तहत सभी आंगनबाड़ी केदो में राज्य सरकार द्वारा आदेश जारी किए गए सूचना पर गांव की महिलाएं मिशन में हिस्सा लेने पहुंची मगर जिम्मेदार नदारत दिखे मिशन की महिला सदस्य राधा राजपूत ने विद्यालय परिसर में मिशन के तहत महिलाओं को जागरुक किया.

## तहसीलदार और अधिवक्ताओं के बीच हुई झड़प

आजमगढ़ । तहसील परिसर में शुक्रवार को तहसीलदार और अधिवक्ताओं के बीच जमकर झड़प हुई। मामला बढ़ते देख एडीएम प्रशासन और सीओ लालगंज मौके पर पहुंचे। अधिवक्ता और तहसीलदार के बीच सुलह- समझौता कराकर मामले को शांत कराया। इस दौरान अधिवक्ता तहसीलदार के विरोध में नारेबाजी करते रहे। तहसीलदार मेंहनगर शुक्रवार को अपने न्यायालय में बैठे थे। तहसील बार के अध्यक्ष राजनाथ यादव और मंत्री श्याम बिहारी सरोज ने तहसीलदार राजू कुमार पर आरोप लगाया कि वह न्यायालय में बाहर से ताला लगाकर अंदर विवादित पत्रावलियां बिना अधिवक्ताओं से राय लिए निपटा रहे थे। जब अधिवक्ता पूछने गए तो दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और झड़प होने लगी। वहां मौजूद अधिवक्ता तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। सूचना पाकर मेंहनगर पुलिस मौके पर पहुंची। स्थित को भांपते हुए एसडीएम संत रंजन श्रीवास्तव ने इसकी सूचना एडीएम प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, क्षेत्राधिकारी लालगंज मनोज रघुवंशी को दी। एडीएम व सीओ भी तहसील में पहुंच कर मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिवक्ता संघ और तहसीलदार के बीच सुलह समझौते के लिए बैठक कराई। घंटों चली मशक्कत के बाद अधिवक्ता तहसीलदार को न्यायिक रूप से कार्य करने की शर्त पर आंदोलन को वापस लेने पर राजी हुए। इस घटना के बाबत जब एसडीएम संत रंजन से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि बार और बेंच एक दूसरे के पूरक होते हैं। कभी-कभी छोटी- छोटी बातों को लेकर गलतफहमियां बन जाती है। जैसा कि आज देखा गया। एडीएम प्रशासन व सीओ लालगंज ने दोनों पक्षों को बैठाकर सुलह समझौता करा दिया

## दुकान में चोरी के आरोपित को जीयनपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल

आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली के क्षेत्र के दाउदपुर में स्थित दुकान का ताला तोड़कर 15 हजार रुपए नगद व इनवर्टर बैट्री चोरी करने के आरोपित को दुकानदार ने पड़कर किया पुलिस के हवाले जीयनपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल। जानकारी के अनुसार दाउदपुर निवासी प्रशांत शर्मा पुत्र सूर्यनाथ की दाउदपुर मार्ग पर शराब ठेका के समीप दुकान है जहां गुरुवार की रात्रि में दुकान का ताला तोड़कर दुकान के अंदर घुसकर 15 हजार रुपए नगद व इनवर्टर बैट्री चोरी हो गई प्रशांत शर्मा ने जीयनपुर कोतवाली पर तहरीर देकर सूचना दी वही दुकानदार ने आरोप लगाया कि नौशाद पुत्र शोएब खान उम्र 36 वर्ष निवासी धौरहरा पर आरोप लगाया वही शुक्रवार की रात में प्रशांत व अन्य लोगों ने आरोपित को पड़कर जीयनपुर पुलिस के हवाले कर दिया जीयनपुर पुलिस के एस आई रविंद्र प्रताप यादव ने धारा 457,380 में 511 की वृद्धि कर आरोपित नौशाद पुत्र शोएब खान को जेल भेज दिया। वहीं आरोपित के पास से कोई सामान बरामद नहीं हुआ।



ताला तोड़कर 15 हजार नगद व इनवर्टर बैटरी चोरी का आरोप

## प्रार्थना पत्र देकर ग्रामीणों ने रास्ता रोकने का लगाया आरोप



आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के पनशब्दा गांव के ग्रामीणों ने शनिवार संपूर्ण समाधान दिवस पर जीयनपुर कोतवाली पर पहुंचकर रास्ता रोकने का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार शनिवार को जीयनपुर कोतवाली पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर दोपहर को पनसब्दा गांव की दर्जनों की संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने पहुंचकर जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय को प्रार्थना पत्र देकर गांव के दो लोगों पर रास्ता रोकने का आरोप लगाया ग्रामीणों ने कहा कि लगभग सौ घर की आबादी का परंपरागत रूप से आवागमन के मार्ग को पप्पू पुत्र नगीना निवासी पनशब्दा और सिंटु सिंह ने आबादी में स्थित परम्परागत रास्ते को ट्रैक्टर से जुताई कर अवरुद्ध कर दिया गया जिससे ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है जीयनपुर कोतवाली पर शनिवार संपूर्ण समाधान दिवस पर ग्रामीणों ने पहुंचकर रास्ता खुलवाने की गुहार लगाई इस दौरान जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडे ने ग्रामीणों को रास्ता खुलवाने का आश्वासन दिया वहीं राजस्व निरीक्षक चंद्रभान श्रीवास्तव को प्रार्थना पत्र सौंप कर त्वरित रूप से निस्तारण के लिए निर्देशित किया थाने पर पहुंचकर प्रार्थना पत्र देने में मुख्य रूप से राजपति, संजू, मनीषा, बच्ची, अनीता, बंसराजी, रामनवमी, प्रमिला, रीता सहित दर्जनों की संख्या में गांव के पुरुष व महिला मौजूद रहे।

## प्रसव के दौरान नवजात की मौत, लापरवाही का आरोप

जीयनपुर कोतवाली के लाटघाट बाजार में अमिला मार्ग पर लगे ट्रांसफार्मर के पास खाई में बृहस्पतिवार को एक नवजात मिला। पड़ोस के रहने वाले एक व्यक्ति व उसकी पत्नी ने बच्चे के रोने की आवाज सुनी तो जाकर उसे उठा लाए और इस बीच दूसरे पड़ोसी ने दंपती से बच्चे को लेकर विवाद कर लिया। मामला पुलिस तक भी पहुंचा। पुलिस ने बच्चे को आश्रय केंद्र प्रयागराज भेज दिया। लाटघाट बाजार में लाटघाट अमिला मार्ग पर विद्युत ट्रांसफार्मर लगा हुआ है।

इसी ट्रांसफार्मर के पास गड्ढे में बृहस्पतिवार को किसी ने नवजात को लाकर फेंक दिया। दिन में लगभग 11 बजे पास में रहने वाले संजय राय व उनकी पत्नी खुशबू ने बच्चे के रोने की आवाज सुनी तो वे नवजात के पास पहुंच गए। बच्चे का नार भी नहीं कटा था और शरीर पर चींटियां रेंग रही थीं। जिस पर दंपती बच्चे को उठा कर तत्काल सीएचसी लाटघाट पहुंचे और नार कटवाने के साथ ही उसका इलाज कराया। इस बीच संजय के पड़ोसी ने बच्चे को लेकर उनसे विवाद कर लिया और सूचना पुलिस को दे दी।

# महोत्सव में रैंप पर आजमगढ़ की मॉडल्स बेटियां




**आजमगढ़।** स्थान हरिऔध कला केंद्र आडिटोरियम/सभागार में संगीत की धुन पर जनपद के विभिन्न स्थानों से आए दर्जनों डिजाइनर्स की मौजूदगी में लगभग 100 से ज्यादा मॉडल्स प्रतिभागियों ने लाईट साउंड की धुनरैंप पर प्रोफेशनल अंदाज में रैंप पर कैटवाक किया। ये आयोजन पूर्णतः आजमगढ़ के लोगों के लिए आयोजित हुआ, जिसमें सैकड़ों मॉडल्स प्रतिभागियों ने भाग लिया, मॉडल्स को रैंप पर कैटवॉक करते देख उपस्थिति जज निर्णायक मंडल प्रभावित हुए। इस दौरान निर्णायक जजों के द्वारा डिजाइनर्स मेकप आर्टिस्ट तथा मॉडल्स से संवाद किया, जिसमें डिजाइनर्स के थीम और उनके द्वारा निर्मित वस्त्रों के बाबत विस्तृत जानकारी ली, खासकर मुबारकपुर हथकर्घा निर्मित कपड़ो के उपयोग पर बात की और उसे बढ़ावा देने पर बल दिया1 आजमगढ़ महोत्सव में दिनांक 20-21 सितंबर को चयनित मॉडल्स एवं डिजाइनर्स मेकप आर्टिस्ट मॉडल्स को अपना प्रदर्शन दिखाने का मौका मिलेगा। सैकड़ों मॉडल के लिए एक दिवसीय ऑडिशन

## पत्रकारिता के महत्व को नापा और तौला नहीं जा सकता- जिलाधिकारी




आजमगढ़ महोत्सव-2023 के अन्तर्गत जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में पत्रकारिता के सन्दर्भ में आजमगढ़ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त मीडिया बन्धुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह आजमगढ़ महोत्सव जनपद आजमगढ़ का है, हम लोग केवल उसके सूत्रधार हैं, आयोजक है। उन्होने कहा कि आजमगढ़ के हर वर्ग को इस महोत्सव के साथ जोड़ने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि जब इतना बड़ा कोई आयोजन होता है तो कोई ना कोई गलतियां जरूर होती हैं, उसको नजर अंदाज करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां हम कोई गलती कर रहे हैं, मीडिया का कार्य एक निंदक के रूप में भी होता है और निंदा करना आपका सबसे बड़ा दायित्व और कर्तव्य है, यह बताना कि हम कहां गलत है, हमें कहां सुधार की आवश्यकता है, यह आपका पूर्ण दायित्व है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के महत्व को नापा और तौला नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में जिन लोगों की मुख्य भूमिका रही, वे राजनेता के साथ-साथ पत्रकार भी थे, क्योंकि उस समय जनता के साथ संवाद समाचार पत्रों एवं मैगजीन के माध्यम से ही संभव था। आप सभी ने आजमगढ़ महोत्सव के साथ ही अन्य कार्यक्रमों का बहुत ही अच्छे से कवरेज किया है, इसके लिए मैं आप सभी का आभारी हूं। आशा करते हैं कि इससे निष्पक्ष रूप से इसे आप आगे भी रखेंगे। यह महोत्सव भी शासन के निर्देश पर हो रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि मुझे आशा हैं कि आजमगढ़ महोत्सव की तरह ही और भी कार्यक्रम आप लोगों के सहयोग से करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ महोत्सव-2023 में जिन लोगों को किन्हीं कारणों से अवसर नहीं मिल पाया है, उन्हें हम लोग आगे अवसर देते रहेंगे। आप सभी ने अपना कीमती समय यहां पर दिया और हम लोगों को अपना मार्गदर्शन दिया, इसके लिए जिला प्रशासन की तरफ से एवं महोत्सव की आयोजन समिति की तरफ से जिलाधिकारी ने मीडिया बन्धुओं को धन्यवाद दिया। इसी के साथ ही वरिष्ठ पत्रकारों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह, अशोक कुमार एवं प्रिण्ट, इलेक्ट्रानिक मीडिया के वरिष्ठ एवं सम्मानित पत्रकार उपस्थित रहे।

# प्रधान से रिश्वत लेते सेक्रेटरी को एंटी करप्शन टीम ने किया गिरफ्तार

**प्रधान से 50 हजार खड़ंजे की भुगतान के लिए मांग रहा था, 25 हजार बरामद**



आजमगढ़ । विकासखंड मुहम्मदपुर में तैनात शशिकांत को रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन की टीम ने 25 हजार रुपए के साथ गिरफ्तार किया है, बता दें कि शिकायतकर्ता मोहम्मद आरिफ पुत्र अब्दुल वहाब ग्राम कमरावा विकासखंड मोहम्मदपुर थाना गंभीरपुर प्रधान है, विकासखंड मोहम्मदपुर में नियुक्त ग्राम विकास अधिकारी शशिकांत द्वारा प्रधान से खड़ंजे के भुगतान के लिए 50 हजार रुपए की मांग की थी, जिसमें आधा रुपया 25000 पहले ही देने की बात हुई थी, इसके बाद खड़ंजे की भुगतान के बात थी, पीड़ित शिकायतकर्ता प्रधान ने सतर्कता अधिष्ठान गोरखपुर से शिकायत किया जो जांच में सही पाया गया, इसके बाद दिनांक 22 सितंबर यानी शुक्रवार को एंटी करप्शन टीम ने उक्त ग्राम विकास अधिकारी को मुहम्मदपुर ब्लॉक परिसर से गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार सेक्रेटरी के पास से 25000 भी बरामद हुआ है।

## साइबर अपराधियों के निशाने पर समाज का हर व्यक्ति- साइबर सेल




आजमगढ़। कोयलसा स्थित गांधी शताब्दी स्मारक पीजी कॉलेज में 99 यूपी बटालियन एनसीसी आज़मगढ़ द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-320) में कैडेटों के साइबर जागरूकता के लिए मंगलवार को साइबर सुरक्षा विषयक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य वक्ता आजमगढ ज़नपद के साइबर सेल के साइबर कॉप, राहुल सिंह, मनीष सिंह, सत्येंद्र यादव ने विविध प्रकार के साइबर अपराधों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनसे बचने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि हर वह व्यक्ति साइबर अपराधियों के निशाने पर है जो इंटरनेट और मोबाइल का प्रयोग कर रहा है। हम अपनी एक छोटी सी चूक से साइबर अपराधियों के शिकार हो जाते है। उन्होंने कहा कि वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के लिए बैंकों द्वारा जारी की जाने वाली चेतावनी को अमल में लाना चाहिए। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा 1930 हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है जिस पर साइबर अपराध होने पर तत्काल सूचना दर्ज करें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं के साइबर सुरक्षा के लिए लिए महिला हेल्पलाइन 1090 को और भी समृद्ध की है। महिलाएं इस नंबर पर भी फोन मिला कर मदद ले सकती है। कैडेटों ने बड़े उत्साह के साथ व्याख्यान को सुना और साइबर सुरक्षा से जुड़े अपनी शंकाओ का समाधान भी पाया। इस अवसर पर शिविर में प्रतिभाग कर रहे विभिन्न कैडेट्स, अतरौलिया एसएचओ विजय प्रताप सिंह, अतरौलिया पुलिस, पीआई स्टॉफ, संबंधित एएनओ आदि सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। कैम्प कमाण्डेन्ट, ने स्मृति चिन्ह भेंट कर साइबर सेल के अधिकारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डीएवी पीजी कॉलेज के एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ पंकज सिंह